● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 103, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 20 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



कंगना रनौत ने चुनाव जीतने से पहले जाहिर की अपनी 2 इछाएं 5

यश दयाल के शानदार प्रदर्शन से बेंगलुरू की चेन्नई पर 27 रन की जीत 6



## तीन हजार तीन सौ सीआईएसएफ जवान आज से संसद की सुरक्षा संभालेंगे

### परिसर से सीआरपीएफ के 1400 जवान हटाए, 13 दिसंबर को सुरक्षा में चूक के चलते फैसला

**नई दिल्ली।** अब नई और पुरानी पार्लियामेंट बिल्डिंग की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स को सौंपी गई है। 20 मई से सीआईएसएफ के 3317 जवान संसद की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। पिछले साल 13 दिसंबर को नए संसद भवन की सुरक्षा में चूक मामले के बाद ये फैसला लिया गया है।



वहीं, संसद में तैनात रहे सीआरपीएफ के पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप ने 17 मई को अपने 1400 जवानों को वापस बुला लिया है। साथ ही अपने सारे वाहन, हथियार और कमांडो भी हटा लिए हैं। सीआरपीएफ के कमांडर डीआईजी रैंक के अधिकारी ने संसद सुरक्षा से जुड़ी सारी जानकारी सीआईएसएफ को सौंप दी है। सीनियर सीआईएसएफ ऑफिसर ने कहा कि सीआरपीएफ पीडीजी, दिल्ली पुलिस के करीब 150 कर्मी और संसद सुरक्षा कर्मचारी जो संयुक्त रूप से अब तक संसद की सुरक्षा करते थे। उन्हें भी वापस लिया गया है। सीआईएसएफ के जवानों को एनएसजी ने भी ट्रेनिंग दी न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, सीआईएसएफ के 3317 जवान संसद की आतंकियों और किसी भी तरह के हमलावरों वालों से रक्षा करेंगे। पिछले 10 दिन से सीआईएसएफ के जवान ट्रेनिंग ले रहे थे। इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा गाड्र्स के ब्लैक कमांडों के साथ भी ट्रेनिंग दिलवाई गई है।

सीआईएसएफ जवानों को एंट्री गेट पर लोगों की चैकिंग, सामान की चैकिंग, बम का पता लगाना और डिफ्यूज करना, आतंकी हमले पर क्विक एक्शन, स्नाइपर टास्क और पब्लिक इंट्रेक्शन (लोगों के साथ पेश आना) की ट्रेनिंग दी गई है। 13 दिसंबर 2023 को नए संसद भवन की सुरक्षा में चूक के बाद पार्लियामेंट कैंपस की सिक्योरिटी के लिए सीआरपीएफ के डीजी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई थी। इसके बाद सीआईएसएफ की तैनाती का फैसला लिया गया।

सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि 17 मई को संसद परिसर छोड़ते वक्त पीडीजी जवान दुखी थे। अपना सर्वश्रेष्ठ देने के बावजूद उन्हें यह ड्यूडी छोड़नी पड़ा। जवानों ने यहां से जाने से पहले देश के लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर संसद भवन की जिम्मेदारी से रक्षा करने की याद में फोटोज और सेल्फी लीं। उन्होंने कहा कि साल 2001 के आतंकवादी हमले के दौरान सीआरपीएफ कर्मियों ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर बहादुरी से आतंकियों का मुकाबला किया था। इस घटना में सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। कुछ को गैलेंट्री अवार्ड दिए गए थे।

सीआईएसएफ के जवानों की तैनाती संसद भवन के सभी एंट्री और एग्जिट गेट, वॉच टावर पर रहेगी। इसके साथ ही डॉग स्क्वाड, फायर ब्रिगेड को तैनात किया गया है। जवानों को पास सेक्शन के साथ-साथ सीसीटीवी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम और कम्युनिकेशन सेंटर में तैनात किया गया है।

सीआईएसएफ के पुरुष और महिला जवान जो रिसेप्शन पर तैनात रहेंगे, उनकी ड्रेस अलग रहेगी। वे सफारी सूट के अलावा हल्के नीले रंग की शर्ट और ब्राउन पैंट पहने दिखेंगे।

## टीएमसी के तुष्टिकरण से बंगाल में हिंदू अल्पसंख्यक हुए

### ममता सरकार पर जमकर बरसे पीएम मोदी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए पीएम मोदी आज बंगाल दौरे पर हैं। यहां मेदिनीपुर में पीएम मोदी ने एक रैली को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार को निशाने पर लिया और टीएमसी पर राज्य की जनसांख्यिकी बिगाड़ने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की आंधी ने टीएमसी के आंतक के सभी किले ध्वस्त करना शुरू कर दिया है, इसलिए बंगाल में टीएमसी वाले ज्यादा बौखलाए हुए हैं।

पीएम मोदी ने लोगों से भाजपा को वोट करने की अपील करते हुए कहा कि अब बस 25 मई को एक और प्रहार की जरूरत है, बंगाल में फिर टीएमसी के आतंक, भ्रष्टाचार के किले को गिरते देर नहीं लगेगी। छठे चरण के तहत 25 मई को मेदिनीपुर में आम चुनाव के लिए मतदान होगा। बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा



कि टीएमसी के तुष्टिकरण ने बंगाल में जनसांख्यिकी को डांवाडोल कर दिया है, समाज व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। टीएमसी देश के दूसरे राज्य वालों को बाहरी बताती है लेकिन अवैध घुसपैठिए इन्हें अपने लगते हैं। ये घुसपैठिए बंगाल में जनसंख्या संतुलन बिगाड़ते हैं, कई इलाकों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए,दलितों, पिछड़ों की जमीन पर ये कब्जा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, टीएमसी घुसपैठियों का स्वागत करती है लेकिन जो हिंदू अल्पसंख्यक यहां प्रताड़ित होकर आए हैं उनका घोर विरोध करती है। मैंने वादा किया था कि मैं इन शरणार्थी परिवारों को नागरिकता दूंगा, ये हमसे उम्मीद लगाए हुए हैं, लेकिन टीएमसी इनकी मदद और सीएए का विरोध कर रही है और कह रही है कि हम इसे लागू नहीं होने देंगे। टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट वाले लिखकर रख लें जब तक मोदी जिंदा है तब तक वे कुछ नहीं कर पाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा टीएमसी की साजिशों को रोकने के लिए केंद्र में मजबूत और स्थिर भाजपा सरकार का होना जरूरी है। जब तक मोदी केंद्र में है, तब तक हम उनकी गंदी मंशा को सफल नहीं होने देंगे। सिर्फ चार दिन पहले एक नई शुरुआत हुई है और 300 से ज्यादा शरणार्थियों को नागरिकता दी गई है।

## ममता बनर्जी के समर्थन का फैसला मैं लूंगा : खड़गे

**नई दिल्ली**

टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के समर्थन को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी के बीच बयानबाजी हुई है। चौधरी जहां ममता का विरोध कर रहे हैं, वहीं खड़गे उनके (ममता बनर्जी) समर्थन में खड़े हो गए हैं। उन्होंने अधीर को पार्टी छोड़कर जाने की नसीहत तक दे डाली।

दरअसल, ममता बनर्जी ने 15 मई को पश्चिम बंगाल के हुगली में



एक चुनावी सभा में कहा- केंद्र में सरकार बनाने के लिए तृणमूल कांग्रेस इंडिया गठबंधन को बाहर से समर्थन देगी। 16 मई को उन्होंने मेदिनीपुर में कहा- इंडिया ब्लॉक उनके दिमाग की उपज है। मैं दिल्ली वाले गठबंधन में साथ हूं।

इस पर कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा- वो चालाक महिला हैं, उन पर भरोसा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस 40 सीटें नहीं जीत सकती। अब वे समझ गई हैं कि वोटर्स इंडी गठबंधन को सपोर्ट कर रहे हैं। ये राजनीति में जिंदा रहने की उनकी एक चाल है। अधीर के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 18 मई को उन्हें चेतावनी दी। खड़गे ने कहा- ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन के साथ हैं। इसका फैसला अधीर रंजन नहीं करेंगे। अगर वे मेरे या हाईकमान के फैसले से सहमत नहीं हैं तो पार्टी छोड़कर जा सकते हैं।

## जम्मू-कश्मीर में वोटिंग से पहले 2 आतंकी हमले

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार (18 मई) की रात एक घंटे के भीतर दो जगह आतंकी हमले हुए। पहली घटना अनंतनाग के पहलगाम के पास एक ओपन टूरिस्ट कैंप की है। यहां आतंकियों ने एक टूरिस्ट कपल को गोली मार दी। कपल राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं। पति-पत्नी रिसॉर्ट में रुके हुए थे। महिला का नाम फराह और उसके पति का नाम तबरेज है। पति को सिर में गोली लगी है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, पत्नी फराह को सीने और कंधे पर चोट आई है।

## 8 राज्यों की 49 सीटों पर वोटिंग आज

### राजनाथ, स्मृति समेत 9 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री मैदान में, राहुल रायबरेली से भी लड़ रहे

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार (20 मई) को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 32, शिवसेना ने 7, टीएमसी ने 4 सीटें जीती थीं। कांग्रेस केवल यूपी की रायबरेली सीट जीत पाई थी। अन्य को 5 सीटें मिली थीं।

इस फेज में राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल समेत 9 केंद्रीय मंत्री मैदान में हैं। रायबरेली से वायनाड सांसद राहुल गांधी भी



चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पांचवें फेज में 695 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 613 पुरुष और 82 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 12% हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म के मुताबिक, इस फेज के 615 उम्मीदवारों में से 23% यानी 159 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 227 यानी 33% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। केवल एक उम्मीदवार ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी उत्तर प्रदेश की झांसी सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा हैं। उनके पास 212 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हो गया है। 20 मई तक कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होगी।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस प्लेन के इंजन में आग

**बेंगलुरु।** एअर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलुरु से कोच्चि जा रही फ्लाइट के इंजन में शनिवार देर रात अचानक आग लग गई। इसके बाद फ्लाइट की बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। सभी 179 पैसेंजर्स और 6 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के प्रवक्ता ने बताया कि टेक ऑफ के तुरंत बाद ही आग लग गई थी। रात 11-12 बजे लैंडिंग के बाद पैसेंजर्स को बाहर निकालने और दूसरी तरफ से आग बुझाने का काम साथ में किया गया।

## जेपी नड्डा ने किया महिला मोर्चा सम्मेलन को संबोधित

**फरीदाबाद।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महिला मोर्चा सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी नीतियां बनाईं, जिनमें उन्होंने महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने का ध्यान रखा। पीएम मोदी ने उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर दिए। इससे महिलाओं में फेफड़ों की समस्याएं कम हो गईं। जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी ने नारी शक्ति वंदन कानून के जरिए महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण दिया। पीएम मोदी ने पहली महिला विदेश मंत्री, पहली महिला रक्षा मंत्री और पहली महिला वित्त मंत्री बनाने का काम किया। जेपी नड्डा ने कहा कि हम उदासीन मानसिकता से घिरे हुए थे, लेकिन दस साल के अंदर इतना बड़ा बदलाव आया है कि आज पीएम के नेतृत्व में हम विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। एक समय था जब धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर राजनीति होती थी, लेकिन अब पूरा देश विकसित भारत के एक मंत्र के साथ चलने लगा है।

## 3 नए क्रिमिनल कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में कल 3 नए आपराधिक कानूनों को लेकर सुनवाई है। सुप्रीम कोर्ट की वैकेशन बेंच में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल मामले की सुनवाई कर सकते हैं। सरकार बता चुकी है कि इन भारतीय दंड संहिता में सुधारों के बाद ये तीनों कानून बने।

तीनों कानूनों को लेकर याचिका एडवोकेट विशाल तिवारी ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि ये तीनों बिल संसद में बिना बहस के पास कर दिए गए। साथ ही उस समय ज्यादातर विपक्षी सांसद सस्पेंड थे। लोकसभा ने 21 दिसंबर 2023 को तीन बिलों



भारतीय न्याय (दूसरा) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (दूसरा) संहिता और भारतीय साक्ष्य (दूसरा) संहिता बिल पास किए थे। 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन बिलों पर दस्तखत किए थे।

तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। सरकार ने 24 फरवरी 2024 को इससे जुड़ी अधिसूचना जारी की थी। यानी इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा।

नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जैसे हत्या के लिए लगाई जाने वाली आईपीसी की धारा 302 अब धारा 101 कहलाएगी। ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या के प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब धारा 109 कहलाएगी। वहीं, दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। हालांकि, हिट एंड रन केस का संबंधित प्रावधान तुरंत लागू नहीं होगा। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने जनवरी में कहा था कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) को लागू करने का फैसला अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस से सलाह के बाद ही लिया जाएगा।

ट्रक ड्राइवरों ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) के प्रावधान का विरोध किया था। साथ ही पूरे देश में इसके खिलाफ प्रदर्शन करते हुए हड़ताल की थी। इस धारा में प्रावधान है कि यदि किसी ड्राइवर की तेज रफ्तार ड्राइविंग से किसी राहगीर की मौत हो जाती है।

## कमलनाथ बोले-कांग्रेस का न्याय पत्र जनता का फिक्स डिपॉजिट, कई सालों तक मिलेगा रिटर्न

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को मतदान होगा। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र देश की जनता के लिए ऐसा फिक्स डिपॉजिट है, जिसमें जनता अपना वोट जमा कर रही है और आने वाले कई वर्ष तक कई गुना रिटर्न प्राप्त करती रहेगी।

उन्होंने लिखा कि आपका एक वोट नौजवानों को 30 लाख सरकारी नौकरियां, स्नातकों को 8500 रुपये प्रतिमाह स्टाइपंड, गरीब महिलाओं को हर वर्ष एक लाख रुपया, किसानों को एमएसपी की गारंटी और देश के नागरिकों को हर महीने 10 किलो मुफ्त राशन दिला सकता है। पूर्व सीएम ने लिखा कि आपका एक वोट जातिगत जनगणना के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित कर सकता है। आपका एक वोट संविधान बदलने की साजिश करने वालों को सबक सिखा सकता है।

आपका यह वोट सिर्फ कांग्रेस पार्टी या इंडिया गठबंधन के लिए नहीं है, बल्कि आपके वर्तमान और आपके बच्चों के भविष्य के लिए है। देश की जनता ने इस लोक सभा चुनाव को भविष्य निर्माण और राष्ट्र निर्माण का चुनाव बना दिया है।

## झरोखा




## मानसून निकोबार पहुंचा, 31 मई को केरल आएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अंडमान-निकोबार पहुंच गया है। 31 मई तक यह केरल पहुंच जाएगा। पिछले साल भी मानसून ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 19 मई को ही दस्तक दी थी, लेकिन केरल में 9 दिन देरी से 8 जून को पहुंचा था।

इस साल मानसून सामान्य तारीख से पहले ही केरल में दस्तक दे सकता है। वैसे केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख 1 जून है। घोषित तारीख में 4 दिन कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है। यानी मानसून 28 मई से 3 जून के बीच कभी भी आ सकता है।

आईएमडी के अनुसार, मानसून के मध्य प्रदेश में 16 से 21 जून और राजस्थान में 25 जून से 6 जुलाई तक पहुंचने के आसार हैं। वहीं यूपी में 18 से 25 जून और बिहार-झारखंड में 18 जून तक पहुंच जाएगा।

आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरल पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरल पहुंचा था। बीते चार साल की बात करें तो 2020 में मानसून 1 जून को, 2021 में 3 जून को, 2022 में 29 मई को और 2023 में 8 जून को केरल पहुंचा था। क्लाइमेट (जलवायु) के दो पैटर्न होते हैं, अल नीनो और ला नीना। पिछले साल अल-नीनो सक्रिय था, जबकि इस बार अल-नीनो परिस्थितियां इसी हफ्ते खत्म हुई हैं और संभावना बन रही है कि तीन से पांच हफ्तों में ला-नीना परिस्थितियां पैदा हो जाएंगी। पिछले साल अल-नीनो के समय सामान्य से कम 94त्न बारिश हुई थी।

## अब उज्जैन से चलेगा धर्मस्व संचालनालय

### आसान होगी सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारी

**उज्जैन।** भोपाल के सतपुड़ा भवन में संचालित धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का संचालनालय शीघ्र ही उज्जैन में स्थानांतरित होने वाला है। इसे लेकर उज्जैन के सिंहस्थ मेला कार्यालय में तैयारी की जा रही है। संचालनालय उज्जैन में स्थानांतरित होने के बाद प्रदेश की सभी धार्मिक गतिविधियों के आयोजन उज्जैन से तय होंगे। इसके लिए मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल भी अपनी मुहर लगा चुका है। कहा गया है कि विभागीय मुख्य कार्यालय कोठी रोड स्थित सिंहस्थ मेला कार्यालय भवन के कुछ कक्ष खाली करवा लिए गए हैं। सिंहस्थ मेला, स्मार्ट सिटी का कार्यालय पूर्ववत् यहीं से संचालित होगा। उज्जैन में ढाई हजार से ज्यादा मंदिर ऐसे हैं, जिस पर सरकारी नियंत्रण है, जो कि प्रदेश में सर्वाधिक हैं। इन मंदिरों के पास 7 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि है। उज्जैन में ही कई बड़े धार्मिक आयोजन होते हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का संचालनालय को उज्जैन स्थानांतरित करने का निर्णय लिया।

अब प्रदेश के सभी धार्मिक आयोजन उज्जैन से तय होंगे। शीघ्र ही विभाग का स्टाफ भी उज्जैन स्थानांतरित हो जाएगा। उज्जैन में प्रति 12 वर्ष में होने वाले सिंहस्थ को लेकर विभागीय कार्रवाई भी उज्जैन में ही संचालित होगी।

मध्य प्रदेश तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण भी उज्जैन में स्थानांतरित करने पर विचार चल



रहा है। इसको लेकर भी प्रस्ताव बनाया गया है। अगर सहमति बनती है तो धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मुख्यालय के साथ मध्य प्रदेश तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण को भी उज्जैन में स्थानांतरित किया जा सकेगा।

बता दें कि धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग को उज्जैन स्थानांतरित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च शिक्षा मंत्री रहते दिया था। तब मुख्यमंत्री रहे शिवराजसिंह चौहान और मंत्रिमंडल को तर्क दिया था कि उज्जैन में सबसे अधिक मंदिर हैं, इसलिए धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का संचालनालय उज्जैन में होना चाहिए।

तब विभाग के कुछ अधिकारियों ने स्थानांतरण पर व्यावहारिक दिक्कतें भी बताई थीं। कहा था कि इससे प्रदेश की राजधानी से संचालनालय बाहर चला जाएगा और फाइलों के मूवमेंट में भी दिक्कत आएगी। इसके चलते शिवराज सरकार ने प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किया था। पासा पलटा और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बने तो उन्होंने उस प्रस्ताव को बाहर निकलवाया और मंत्रि मंडल की बैठक में उसे स्वीकृति प्रदान कराई। विभाग मंदिरों का जीर्णोद्धार, धर्मशाला का निर्माण, पुजारियों की नियुक्ति, पदस्थापन और मानदेय वितरण का कार्य करता है। मध?यप्रदेश तीर्थ-स?थान एवं मेला प्राधिकरण के माध्यम से तीर्थ-स्थलों एवं अतिप्रसिद्ध मेलों की उचित व्यवस्था के लिए अनुदान भी उपलब्ध कराता है। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का गठन 1981 में हुआ था। विभाग का सालाना बजट 100 करोड़ रुपये है। शुरुआत में विभाग का कार्य कमिश्नर और कलेक्टर के माध्यम से किया जाता था। 2016 में कार्यालय संचालनालय धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व का गठन किया गया।

# ग्रीष्मकाल में पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करें : संभागायुक्त

**कमिश्नर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**आंगनबाड़ी केन्द्र एवं निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण**

**पन्ना।** जिले के समस्त प्रगतिरत महत्वाकांक्षी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ एवं निरंतर मॉनिटरिंग कर समय सीमा में पूर्ण किया जाए। ग्रीष्मकाल के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की निरंतर उपलब्धता एवं आवश्यक होने पर परिवहन भी सुनिश्चित किया जाए। जल जीवन मिशन की परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए स्थायी जलस्त्रोत का चिन्हांकन किया जाए एवं कंट्रोल रूम का गठन कर नंबर भी सार्वजनिक करें। संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने यह निर्देश शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई विभिन्न विभागों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के अवसर पर दिए। उन्होंने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा कर मतगणनाकर्मियों के प्रशिक्षण एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया।

कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि सभी राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकृत करें। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के मामलों में अविलंब निराकरण सुनिश्चित हो। सीमांकन के समस्त आवेदनों को अनिवार्य रूप से रजिस्टर करें। समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्यों की समीक्षा के दौरान उपर्जित स्कंध और किसानों को भुगतान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्रवृत्ति के प्रकरणों में विद्यार्थियों के घर-घर संपर्क कर शत प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। सीएमएचओ से आगामी मानसून सीजन में वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम संबंधी तैयारियों के बारे में पूछा। इसके अलावा सभी नगरीय निकायों में बाढ़ की स्थिति में समय पूर्व आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। बंद व चालू नल जल योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी से समस्याओं के निराकरण के लिए कहा। साथ ही पेयजल स्थिति की निरंतर मॉनीटरिंग के निर्देश भी दिए। पूर्ण



नल जल योजनाओं के हैण्डओवर व मेंटेनेंस इत्यादि कार्यों की जानकारी ली।

संभागायुक्त ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण कर लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रयोगशाला जांच में अमानक स्तर का खाद्य सामग्री नमूना प्रमाणित पाए जाने पर जुर्माना राशि में बढ़ोत्तरी के लिए निर्देशित किया। उन्होंने गत दिवस जारी हुए बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा भी की और नवीन शैक्षणिक सत्र में सभी शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास कर परीक्षा परिणाम में सुधार के निर्देश दिए। खाद, बीज एवं उर्वरक की निरंतर पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के लिए कहा। साथ ही अटल भू-जल एवं अमृत सरोवर के कार्यों सहित लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू के प्रमुख कार्यों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ कार्यालय एवं कमिश्नर कार्यालय की समस्त शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए। गत माह में संपन्न संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के बिन्दुओं के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की गई।

कमिश्नर ने कहा कि हाईकोर्ट के विभिन्न लंबित प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी द्वारा गंभीरतापूर्वक समय पर जवाबदावा प्रस्तुत किया जाए। जवाब प्रस्तुत होने तक इसकी नियमित रूप से समीक्षा भी हो। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने विभागीय जांच के संबंध में नवीन पोर्टल की शुरूआत के बारे में अवगत कराया और सभी जिला अधिकारियों से समय पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर प्रकरणों की संख्या में कमी लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, उपायुक्त राजस्व विनय द्विवेदी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर डॉ. रावत ने पन्ना प्रवास के दौरान मड़ला स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी किया। उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका से बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी ली। यहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया। उपस्थित बच्चों से संवाद कर केन्द्र में मीनू अनुसार मिलने वाले नाश्ता व मध्यान्ह भोजन एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर टॉफी भी वितरित की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अक्षर ज्ञान व खेल गतिविधियों के बारे में बताया।

कमिश्नर ने पर्यटक ग्राम मड़ला स्थित होम स्टे रमाबाई की बखरी पहुंचकर पर्यटकों के आगमन के मद्देनजर विकसित सुविधाओं का जायजा भी लिया। संचालक से होमस्टे की शुरूआत के बाद आए आर्थिक व सामाजिक परिवर्तन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी ली। उन्होंने होम स्टे में परंपरागत रूप से तैयार भोजन व ग्रामीण परिवेश के माहौल में पर्यटकों के माकूल होम स्टे के गत तीन वर्ष से सफल संचालन पर सराहना भी की। होम स्टे के कक्षों में पहुंचकर पुरातन शैली एवं शिल्पकला पर केन्द्रित सामग्री का अवलोकन किया। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ को सभी होम स्टे पर सुविधाओं के विकास और रोजगार आधारित गतिविधियों के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मड़ला में पर्यटन गतिविधियों के केन्द्र को और अधिक अच्छा व सुन्दर बनाने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त द्वारा ग्राम जरूआपुर में मनरेगा योजना के तहत तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित पौधरोपण गतिविधियों का जायजा भी लिया गया।

संभागायुक्त डॉ. रावत ने बायपास रोड स्थित निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन का अवलोकन भी किया। कार्यस्थल पर उपस्थित अभियंताओं से निर्माण कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की और निर्बाध रूप से कार्य संचालित रखने के लिए कहा। स्कूल की मैप व डिजाइन भी देखी एवं पूर्ण व शेष कार्यों की जानकारी ली। बताया गया कि अलग-अलग ब्लॉक में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल में शासन के निर्देशानुसार खेल मैदान व पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा। यहां सोलर पैनल भी स्थापित होगा। आगामी सितम्बर माह तक स्कूल भवन का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है।

## घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत का नि:शुल्क प्रशिक्षण 21 मई से

**पन्ना**

भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में आगामी 21 मई से 19 जून तक 30 दिवसीय घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में घरों में उपयोग होने वाले सभी इलेक्ट्रिक उपकरणों की मरम्मत से संबंधित समस्त प्रकार के कार्यों को रिपेयरिंग करना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रहने एवं चाय, नाश्ता व भोजन की उच्चतम गुणवत्ता की संपूर्ण व्यवस्थाएं भी नि:शुल्क रहेंगी। इच्छुक आवेदक 21 मई 2024 तक संस्थान में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

संस्था के निदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज निर्धारित हैं। आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड या जॉब कार्ड अथवा ई-श्रम कार्ड के साथ न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण की अंकसूची और आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, 6 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो तथा सभी दस्तावेजों की दो प्रतियों में छायाप्रति आवेदन में संलग्न करना अनिवार्य है। पन्ना जिले के मूल निवासी ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आरसेटी संकाय जितेन्द्र सिंह के मोबाइल नंबर 8319006700 पर संपर्क किया जा सकता है।

## शिक्षक, राष्ट्र निर्माण का मुख्य आधार : कमिश्नर

**शिक्षक जुनून एवं समर्पण भाव से शिक्षा प्रदान करें: बीएस जामोद**

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने कहा है कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है। शिक्षक बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर उन्हें एक अच्छा इंसान बनाता है जो राष्ट्र निर्माण का मुख्य आधार होता है। शिक्षक बच्चों को शिक्षा प्रदान कर उनके जीवन में उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है और छात्रों के जीवन में विकास के अनेक पथ खोलता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने का मतलब अच्छी नौकरी एवं अच्छा व्यवसाय करना ही नहीं है बल्कि शिक्षा के माध्यम से हमें विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ाना है, इसमें शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि हम जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उस क्षेत्र का मान और सम्मान बढाए, शिक्षक जैसा चाहे वैसा समाज का निर्माण कर सकता है, शिक्षक ही बेहतर समाज गढ़ता है। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में शिक्षा के क्षेत्र में एक बेहतर वातावरण का निर्माण हो इसे लिए सभी शिक्षक मिलकर समन्वित प्रयास करें। सभी शिक्षक समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद शनिवार को कन्या शिक्षा परिसर पाली एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय पाली में संभाग स्तरीय मोटिवेशनल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्मेष को संबोधित कर रहे थे। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने कहा कि हर एक शिक्षक अपने-अपने विषय में पारंगत होते हैं, उन्मेष प्रशिक्षण का मतलब शिक्षक को कुछ सिखाना नहीं है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि शिक्षक अपने कार्य क्षेत्र में कैसे वातावरण का सुधार करें कैसे छात्र एवं पालकों से जीवंत संपर्क बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने कार्य क्षेत्र में बालक एवं पालक से ऐसा संबंध बनाए जिसमें पालक स्वयं बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाकर प्रतिदिन स्कूल भेजने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में अच्छे शिक्षक एवं अच्छी सुविधा उपलब्ध हैं इसके बावजूद भी बच्चे स्कूल नहीं आते हैं उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने स्कूल में ऐसा आनंददायक माहौल बनाएं, अपनी शाला को आनंदशाला बनाएं जिससे छात्र स्वयं शाला की ओर आकर्षित होकर शिक्षा प्राप्त करने आए। कमिश्नर ने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त कर शिक्षक अपने क्षेत्र में जाएं और क्षेत्र में बदलाव करने का प्रयास करें।

## अब 31 मई तक होगी समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद

**पन्ना।** जिले भर में निर्धारित 53 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन के लिए अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई थी। शासन के निर्देशानुसार बड़ी संख्या में पंजीकृत किसानों के शेष रहने के कारण शासन ने गेंहू खरीद की अंतिम तिथि में वृद्धि की है। अब निर्धारित खरीदी केन्द्रों में 31 मई तक गेंहू की खरीद की जाएगी। शेष बचे पंजीकृत किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन का लाभ उठा सकते हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अब तक 9 हजार 243 किसानों से 483591.70 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। लगभग 89 प्रतिशत उपार्जित स्कंध का परिवहन व भंडारण भी हो चुका है। किसानों को 50 करोड़ रूपए से अधिक की राशि भुगतान की गई है। इसके अतिरिक्त जिले के निर्धारित केन्द्रों पर मसूर एवं सरसों की खरीदी भी की जा रही है। 2 हजार 623 किसानों से 4651.87 मैट्रिक टन मसूर एवं 2 हजार 269 किसानों से 7225.75 मैट्रिक टन सरसों का उपार्जन किया गया है।

## झोले में नवजात का शव लेकर जिला अस्पताल पहुंची महिला, बोली-इलाज कर दो इसका, मचा हड़कंप

**सतना।** सतना जिला अस्पताल में शनिवार को एक दिलदहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक महिला नवजात का शव झोले में भरकर पहुंची। महिला के हाथ में जिसने भी झोला देख और जब उन्हें पता चला कि झोले में नवजात का शव है तो हर कोई आश्चयचकित होकर रह गया। इस मामले की सूचना अस्पताल प्रबंधन के पास पहुंचने पर महिला की पतासाजी शुरू की। बाद में पता चला कि जिस महिला के हाथ में झोला था उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।



महिला का नाम सविता सिंह परिहार पति अभय सिंह परिहार उम्र 39 वर्ष निवासी जवाहर नगर गली नंबर-7 की रहने वाली है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात शिशु के शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराने के बाद पिता को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि महिला विगत एक वर्ष से माइग्रेन की बीमारी है। जिसके चलते वह चीजों को भूल जाती है और उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है।

## 13 साल की नाबालिग से दुष्कर्म, महिला चिकित्सक के अभाव में एमएलसी करवाने के लिए 180 किमी भटके परिजन

**पन्ना**

पन्ना जिले में एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पहले तो 13 वर्षीय नाबालिग दुष्कर्म का शिकार हुई, और बाद में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते नाबालिग एवं उसके परिजन तपती धूप में पवई से पन्ना, पन्ना से अजयगढ़ और अजयगढ़ से फिर पन्ना करीब 180 किलोमीटर तक भटकते रहे।

बता दें कि पवई थाना अंतर्गत तेरह वर्षीय नाबालिग के साथ 18 वर्षीय युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। थाना पवई से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 14 मई की रात्रि लगभग 2:00 बजे की है। जब पीड़िता के माता-पिता किसी कार्य से घर से बाहर गए हुए थे, तभी मौका पाकर युवक द्वारा घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया, और किसी को बताने पर जान मारने की धमकी दी गई। जब पीड़िता के माता-पिता घर आए तो डरी-सहमी पीड़िता ने आपबीती सुनाई। परिजनों ने पवई पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पवई पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। नाबालिग की मां ने बताया कि मामला दर्ज करने के बाद नाबालिग को एमएलसी के लिए 70 किलोमीटर दूर पन्ना जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन पन्ना में महिला डॉक्टर नही मिली, जिसके बाद उन्हें 40 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ़ भेजा गया, वहां भी महिला डॉक्टर नहीं मिली। जिससे सभी परिजन पीड़ित बच्ची को लेकर ऐसी तपती धूप में पन्ना जिला अस्पताल आए। फिर उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद पन्ना में पीड़िता की डॉक्टरी हो सकी। पीड़िता की मां ने बताया कि हम लोग पूरे दिन पीड़ित बच्ची को लिए तपती धूप में डाक्टरी कराने के लिए परेशान होते रहे, इस प्रकार किसी के साथ ना हो।

## कमिश्नर ने कन्या शिक्षा परिसर में समर कैंप का किया निरीक्षण

**कमिश्नर ने खिलाड़ियों का किया उत्साह वर्धन**



**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने उमरिया जिले के कन्या शिक्षा परिसर में समर कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समर कैंप के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही वालीवाल तथा कबड्डी के खिलाड़ियों से मिलकर खिलाड़ियों तथा कोच से परिचय प्राप्त किया, उनकी उपलब्धियों की जानकारी ली एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपायुक्त ऊषा सिंह, सहायक आयुक्त अखिलेश पाण्डेय, मास्टर टेनर डा अभय पाण्डेय, डीपीसी सुशील मिश्रा, शाला के प्राचार्य, शिक्षक उपस्थित रहे। जिले में समर कैंप के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है, उन्हें विभिन्न खेलों, चित्रकला, पेंटिंग, आउटडोर गेम का प्रशिक्षण खेल विशेषज्ञों व्दारा दिया जा रहा है, जिससे स्कूली बच्चे गर्मी की छुट्टियों में अपने को सकरात्मक गतिविधियों से जोडकर समाज सेवा में जुड सकें।

## मेडिकल कालेज के दीवारों की सीलन पर कमिश्नर ने जताई कड़ी नाराजगी

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने मेडिकल कालेज शहडोल के विभिन्न वार्डों की दीवारों में पानी के रिसाव के कारण सीलन आने पर तथा सीलन आने के कारण दीवारों का रंग काला पड़ जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कमिश्नर ने निमार्ण एजेन्सी को निर्देश दिए हैं कि इसमें शीघ्र सुधार किया जाए। कमिश्नर ने कहा है कि दीवारों में सीलन आने के कारण मेडिकल कालेज में इन्फेक्शन फैल सकता है। कमिश्नर का कहना था कि पानी के रिसाव को शीघ्र से शीघ्र रोकने के लिए समुचित कार्यवाही निर्माण एजेन्सी शीघ्र करें। कमिश्नर ने कहा कि मेडिकल कालेज की दीवारों से हो रहा सीपेज तत्काल रूकना चाहिए तथा भविष्य में पानी का रिसाव नहीं हो इसके लिए तकनीकी रूप से बेहतर काम होना चाहिए।

## कमिश्नर ने किया मेडिकल कालेज का निरीक्षण

**विभिन्न वार्डों में मरीजों से की चर्चा, बेहतर उपचार के दिए निर्देश**

**डिंडौरी के मरीज रामपाल को कमिश्नर ने कराया चिकित्सालय में भर्ती**

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज बिरसा मुण्डा मेडिकल कालेज शहडोल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने मेडिकल कालेज के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर सीधे मरीजों से चर्चा की तथा मरीजों को बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के निर्देश कमिश्नर ने डीन मेडिकल कालेज डॉ गिरीस बी रामटेके एवं अन्य प्रशासकीय अधिकारियों को दिए।



कमिश्नर ने मेडिकल कालेज के प्रवेश द्वारा में निरीक्षण के पूर्व मरीजों से चर्चा की, चर्चा के दौरान डिंडौरी जिले के ग्राम अमनी पिपरिया के मरीज रामपाल से चर्चा की। चर्चा के दौरान मरीज रामपाल ने कमिश्नर को बताया कि सोनोग्राफी रिपोर्ट के अभाव में उसे मेडिकल कालेज में भर्ती नहीं किया जा रहा है, जिस पर कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित डीन एवं अन्य चिकित्सकों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मरीज रामपाल को तत्काल भर्ती कराएं तथा उसे समुचित उपचार मुहैया कराएं। मेडिकल कालेज के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने गहन चिकित्सा इकाई में मरीज रामलाल चौधरी, ग्राम पंचायत खाम्हीडोल के सर्पदंश से पीड़ित मरीज विष्णु बैगा, जैतहरी के मरीज राजकुमार वर्मा, अनूपपुर जिले के मरीज बद्री प्रसाद यादव, कोतमा की मरीज मुन्नी बाई द्विवेदी, अनूपपुर जिले के ग्राम कुडैली के मरीज रामनिवास चौधरी, ग्राम पंचायत मझौली के मरीज ईश्वरदीन अहिरवार एवं अन्य मरीजों से रूबरू चर्चा की। चर्चा के दौरान कमिश्नर ने उपचार करा रहे मरीजों के उपचार के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकों से चर्चा की। इस दौरान उन्होनें मरीजों को शीघ्र स्वस्थ्य होने की शुभकामनाएं दी और मरीजो को ढाढ़स बंधाया। कमिश्नर ने एनआईसीयू वार्ड का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों की सेहत के संबध में चिकित्सकों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। मेडिकल कालेज के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने सैंपल लैब का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि वे सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार मुहैया कराएं। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए कि सिकल सेल के उपचार के लिए मेडिकल कालेज आने वाले मरीजों का डाटा भी एकत्रित करें तथा डाटा उपलब्ध कराएं ताकि शहडोल संभाग में सिकल सेल के उपचार के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। कमिश्नर ने सेन्ट्रल लैब का भी निरीक्षण किया तथा लैब के रिपोर्ट का अवलोकन किया। कमिश्नर ने लैब में मरीजों से चर्चा की चर्चा के दौरान लैब टेक्नीशियन ने कमिश्नर को बताया कि अभी मौसमी बीमारियों के प्रकरण आ रहे हैं मलेरिया के प्रकरणों में कमी आई है। मेडिकल कालेज के निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, लोक निमार्ण विभाग के अधीक्षण यंत्री एवं अन्य अधिकारी साथ रहे।

# खेल कड़ी मेहनत, दृढ़ता और लगातार सीखना, सीखाती है : रूचि दिव्या

**खेल स्वास्थ्य की श्रेष्ठ भाग्यशाली यात्रा है : विकास**

**खेल एक अवसर है या तो इसमें जीत है या हार के बाद सीख है : सूर्य प्रकाश**

**सीधी।** इंद्रवती नाट्य समिति, यूसीएन मास पब्लिक स्कूल, ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग से हर रविवार लोगो को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत-प्रोत फिल्में लगातार दिखाई जाती है। बच्चों के उत्साह को देखते हुए और साथ युवाओं की सहभागिता रहती है। इस रविवार भारतीय तमिल भाषा की मशहूर फिल्म बिगिल का प्रदर्शन किया गया।

यह होता है कि यह खेल के द्वारा समाज को जोड़ती है, जिसमें मुख्य रूप से एक कोच की सबस बड़ी भूमिका दिखाई गयी है। जो एक मिट्टी पर पूर्ण विश्वास करता है और अपने सतत् प्रयास के द्वारा एक खिलाड़ी के अंदर विश्वास जगाता है कि आप खेल के माध्यम से सिर्फ अपनी और अपने घर इच्छा को पूरी नहीं करते। अपितु इसके माध्यम से आप अपने समाज, राज्य और देश के करोड़ो नागरिकों के दिल में अपनी जगह और सम्मान पाते है एवं लाखों यूवा के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनते है। इस फिल्म में समाज को यह संदेश लड़कियों के द्वारा दिया गया है कि हम अक्सर लड़कियों को शादी बच्चे, बर्तन धुलने, कपड़ा साफ करने, बच्चे पैदा करने तक ही सीमित रखा जाता है। मगर ऐसा नहीं है इस



फिल्म में लड़कियों ने बाकी लड़कियों यह संदेश दिया है कि हम भी लड़को से कम नहीं है और अगर हम मौका लड़कों की तरह पाये तो समाज, राज्य एवं देश का नाम रोशन करेगे। जिस तरह से आज हमारे समाज में लड़कियाँ हर जगह अपने देश का खेल के माध्यम से झंडा फहरा रही है। परिचर्चा के दौरान यूसीएन मास पब्लिक स्कूल के संचालक सूर्य प्रकाश सिंह जी ने कहा खेल एक अवसर है या तो इसमें जीत है या हार के बाद सीख है। सभी बच्चो को किसी न किसी खेल में रूचि रखना चाहिए। ताकि भविष्य में पढ़ाई के साथ खेलते रहे। जिससे शरीर शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थ रहेगा, तनाव नहीं रहेगा और बिमारी से लड़ने में मदद करेगा। रूचि दिव्या सिंह जी ने कहा खेल कड़ी मेहनत, दृढ़ता और लगातार सीखना, सीखाती है और विकास जी ने कहा खेल स्वास्थ्य की श्रेष्ठ भाग्यशाली यात्रा है।

परिचर्चा के दौरान बच्चो ने भी अपनी राय इस प्रकार रखा कि टैलेंट कभी सुंदरता नहीं देखता बल्कि कठिन परिश्रम देखता है। साथ ही बच्चो ने कहा कि इस फिल्म के द्वारा जिस तरह से बच्चों ने आपस में मिलकर खेल को जीता, उसी तरह हमें आपस में मिलकर खिलाड़ी की भावना से अपनी पढ़ाई साथ ही खेल को खिलाड़ी की भावना से खेलना चाहिए। बच्चो ने यह भी बताया कि हम सभी को अपने कोच एवं गुरू के प्रति पूर्ण समर्पण रखना चाहिए तभी डट कर किसी भी खेल को जीता जा सकता है।

# संजय गांधी महाविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी एम ए संस्कृत एवं रिटेल मैनेजमेंट की कक्षाएं इसी सत्र होगी प्रारंभ

**लम्बे अर्षो से छात्र छात्राओं की मांग हुई पूरीः शिवम् शुक्ला**

**सीधी।** ज्ञात हो कि संजय गांधी महाविद्यालय में लम्बे अर्शो से चली आ रही छात्र छात्राओं की पूर्ण हुई मांग छात्र नेता शिवम् शुक्ला ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में संजय गांधी महाविद्यालय में तीनों विषयो का प्रवेश भी आन लाइन दिखाने लगा है अब छात्र अपने हिसाब से संस्कृति विषय से एम.ए और बायोटेक्नोलॉजी एवं रिटेल मैनेजमेंट की विषयो का कर सकते हैं चयन महाविद्यालय में इसी सत्र से कक्षाएं भी संचालित हों जायेगी जिन छात्र छात्राओं को उक्त विषयो में प्रवेश लेना है आन लाइन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश लें सकते है उन्होंने कहा कि हम लोगों की मांग आज पूर्ण होती दिखी आने वाले समय मे कॉलेज की जितनी भी समस्याए है धीरे धीरे सभी समस्याओ का निदान कर लिया जाएगा संजय गांधी महाविद्यालय जिले का अग्रणी महाविद्यालय हैं इसलिए यहा सभी छात्र छात्राओं की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को उनके मन मुताबिक विषय होना चाहिए जिससे छात्र अपने हिसाब से पठन पाठन में रुचि रख सकें नई शिक्षा नीति में सभी छात्रों को उसके मुताबिक ही विषय लेने का प्रावधान किया गया है इसलिए उन्हाने कहा कि किसी भी छात्र छात्राओं को गुमराह ना कर उसके मुताबिक विषय दिया जाय जिसमें छात्र अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें अन्यथा जब छात्र प्रथम वर्ष में प्रवेश लेता है और दूसरे वर्ष में फैल हो जाता है जिस कारण पढ़ाई छोड़ देता है लेकिन शासन प्रशासन ने नई शिक्षा नीति में छात्र के मुताबिक ही विषय लेने का प्रावधान किया है।

छात्र नेता शिवम् शुक्ला ने जिले के सभी छात्र छात्राओं से अपील की हैं संजय गांधी कॉलेज में इन तीनों संकायों में अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश ले ताकि महाविद्यालय में आगे भी सभी कोर्स संचालित हों सकें।

# पुलिस परिवार के सदस्यों एवं बच्चों का इंतजार हुआ पूर्ण

**पुलिस अधीक्षक ने पुलिस परिवार के सदस्यों एवं बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन (समर कैम्प) शिविर का विन्ध्य क्लब एनटीपीसी विन्ध्यनगर में किया शुभारंभ**

**सिंगरौली।** सिंगरौली पुलिस परिवार के सदस्यों एवं बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन (समर कैम्प) शिविर की रुपरेखा तैयार कर विन्ध्य क्लब एनटीपीसी विन्ध्यनगर से शुभारंभ किया गया। समर कैम्प आयोजन में पुलिस परिवार के सदस्य उत्साह के साथ पहुचे। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि आप सभी के लिए आयोजित समर कैम्प के दौरान विभिन्न गतिविधियां जैसे स्विमंग, ताइक्कांडो, स्केटिंग, कुकिंग, मेंहदी, डांसिंग, जुम्मा, तीरंदाजी, सिलाई, कढ़ाई, आर्ट एण्ड क्राफ्ट इत्यादि आयोजित कराई जाएगीं। आप सभी को एकसाथ लाने का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों में शामिल कराकर उनमें कुशल बनाना है। समर कैम्प के शुभारंभ में करीबन 60 महिलाएं एवं 70 बच्चें शामिल हुए। पुलिस परिवार के सदस्यों एवं बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन (समर कैम्प) शिविर का आयोजन दिनॉक 18.05.2024 से 15.06.2024



तक आयोजित कराया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी आयोजित कराई जाएंगी। पुलिस परिवार के लिए आयोजित समर कैम्प में स्विमंग, ताइक्कांडो, स्केटिंग, कुकिंग, मेंहदी, डांसिंग, जुम्मा, तीरंदाजी, सिलाई, कढ़ाई, आर्ट एण्ड क्राफ्ट इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जानी है। पुलिस परिवार के बच्चों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां शरु होते ही हलचल शरु हो गई थी कि कबसे ग्रीष्मकालीन समर कैम्प शुरु होगा। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता ने सभी की मंशा को पूरा करते हुए समर कैम्प का शुभारंभ करा दिया गया है।

आपको बता दें कि विभिन्न गतिविधियों को संचालित कराकर कुशल प्रशिक्षण देने के लिए कुशल प्रशिक्षक की जरुरत होती है। आयोजित समर कैम्प में अलग-अलग गतिविधियों की सिखलाई के लिए अलग-अलग कुशल प्रशिक्षक रखे गए हैं, जो सभी को ट्रेनिंग देगें। रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान एवं सूबेदार आशीष तिवारी को संपूर्ण जिम्मेंदारी सौंपी गई। आयोजित समर कैम्प को व्यवस्थित एवं सफल बनाने की जिम्मेदारी रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान एवं सूबेदार आशीष तिवारी एवं उनकी टीम को सौंपी गई है। यदि देखा जाए तो पुलिस परिवार के सभी सदस्यों को एकसाथ विन्ध्या क्लब तक ले जाना एवं वापस लाना सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा रक्षित निरीक्षक एवं सूबेदार को निर्देशित कर दो बस वाहन उपलब्ध कराये गए हैं, जिसमें कुशल वाहन चालक उपलब्ध रहेगें, जो सभी सदस्यों को उनके गंतव्यों से लाने एवं वापस पहुचाने का काम करेगें।

पुलिस परिवार में पदस्थ शासकीय सेवक अपने कार्यों की व्यस्तता के कारण परिवार को उतना समय नहीं दे पाते, जिससे बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में भाग दिला सकें। आयोजित समर कैम्प के शुभारंभ से पुलिस परिवार के सभी बच्चों एवं सदस्यों में एक खुशी की लहर दिखाई दी है एवं सभी सदस्य विशेषकर महिलाएं एवं बच्चे पूरी ऊर्जा के साथ समर कैम्प का लुफ्त उठाने के लिए तैयार हैं।अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को पुनः उद्बोधित करते हुए आयोजित समर कैम्प का पूर्ण उपयोग करने एवं प्रसन्नतापूर्वक विभिन्न गतिविधियों को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।समर कैम्प के शुभारंभ कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर पी.एस. परस्ते, कृष्ण कुमार पाण्डेय, एस.डी.ओ.पी. मोरवा, आशीष जैन एस.डी.ओ.पी. चितरंगी, थाना प्रभारी विन्ध्यनगर, शिवपूजन मिश्रा, महिला थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी, सूबेदार आशीष तिवारी, उनि प्रियंका शर्मा, रुपा अग्निहोत्री, प्र.आर. आशीष सिंह बागरी, विवेक पाण्डेय, आर. धर्मेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह, प्रतीक कुमार, विजय धुर्वे एवं अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र पांडेय द्वारा किया गया।

# महिला थाना मे हुआ जन चेतना परामर्श आयोजन




**सिंगरौली।** महिला थाना सिंगरौली (म.प्र.) मे नवाचार अन्तर्गत जन चेतना परामर्श का पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के कुशल निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, अरुण कुमार सोनी उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा सिंगरौली के मार्गदर्शन मे निरी. श्रीमती अर्चना द्विवेदी द्वारा आयोजन किया गया । आयोजन मे 20 आवेदिकाओं के आवेदन पर आज दिनांक 18/05/2024 को थाना बुलाया जाकर जन चेतना परामर्श मे सलाहकार एवं काऊंसलर की उपस्थिति पति पत्नी की समस्याओं को सुना जाकर निदान हेतु परामर्श दिया गया आज दिनांक 18/05/2024 को 08 प्रकरणों मे परामर्श उपरान्त पति पत्नी एवं अन्य परिवारजन एक साथ रहते हुए अच्छे जीवन की शुरूआत करने के लिये सहर्ष तैयार होने पर साथ मे भेजा गया । व चार प्रकरणो मे आवेदक / अनावेदक द्वारा और समय की मांग की गई एवं अन्य 08 प्रकरणों मे अनावेदक अनुपस्थित होने से अन्य दिनांक को सूचीबद्ध किया गया । उपरोक्तानुसार नवाचार अन्तर्गत किये जा रहे परामर्श का उद्देश्य सुखद वैवाहिक जीवन का संचालन है । उपरोक्त परामर्श मे करीब 45 महिला पुरुष उपस्थित रहे विधिक सलाहकार अधिवक्तागण एवं काऊंसलर श्रीमती बीना तिवारी, श्री मानिकराम पाण्डेय,संतोष दुबे, श्रीमती सुब्रता झा,रीता दुबे,संतोष तिवारी, श्रीमती माला पाण्डे, द्वारा विधिक जानकारी एवं निशा द्विवेदी द्वारा रोजगार मुखी की जानकारी दी गई । उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को बताया गया कि जन चेतना परामर्श प्रत्येक शनिवार दोपहर 11.00 बजे से महिला थाना मे आयोजित किया जाएगा । इसका फालोअप पीड़िता / शिकायतकर्ता के घर जाकर मौके से सतत् किया जाएगा ।

# राष्ट्र में स्व का बोध लाने का कार्य शिक्षकों का है: विवेक




**सीधी।** विद्या भारती महाकोशल प्रांत का सामान्य प्रशिक्षण/दक्षता वर्ग 2024 के संवाद सत्र में विवेक शैण्डेय क्षेत्र मंत्री विद्या भारती मध्य क्षेत्र के मुख्य आतिथ्य एवं वर्ग संयोजक राम बहोरी पटेल के उपस्थिति में मां वीणा पाणि के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सिंह एवं व्यवस्थापक द्वारिका प्रसाद गुप्त के द्वारा अतिथियों का स्वागत तिलक एवं श्रीफल से किया गया। मुख्य अतिथि विवेक शैण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग हमारी योजना की सामान्य गतिविधियां हैं- जैसे नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण, सामान्य प्रशिक्षण, आचार्य दक्षता वर्ग एवं अन्य प्रशिक्षण। यह सब कुशलता वृद्धि के लिए आयोजित होते हैं। हमारी व्यक्तिगत पहचान कैसे होती है, इसका उत्तर है माता-पिता द्वारा दिए गए नाम से, परिवार के नाम से। जिस परिवार व्यक्ति की पहचान होती है, उसी प्रकार राष्ट्र की पहचान होती है। अभिमान और स्वाभिमान में अंतर- अभिमान घमंड का प्रतीक है, जबकि स्वाभिमान कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी, स्वावलंबी को दिखाता है। स्वाभिमान शून्य व्यक्ति शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित है। 16वीं सदी में अंग्रेज आए, वह व्यापारी से शासक बन गए, उनमें सैनिक हमारे भारतीय ही थे, तो वे हमारे स्वाभिमान शून्य होने के कारण हमें गुलाम बना पाए और जब हमारा स्वाभिमान जागृत हुआ, तब हम एक होकर उन्हें अपने देश से भगा दिए। स्वजागरण का बोध अनेकों व्यक्तियों में नहीं होता है, यह समाज के सहयोग से संभव है। रूस यूक्रेन युद्ध के समय हमारे 50000 विद्यार्थी फंसे थे, तब मोदीजी के कहने पर यूक्रेन ने युद्ध रोकर हमारे विद्यार्थियों को आने दिया। इसी का फायदा अन्य देश भी यथा पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि भारत का ध्वज लगाकर फायदा उठाया। वर्तमान में परम पूज्य सरसंघ चालक मोहन भागवत जी ने पांच %भ% बताए हैं- 1. स्व भोजन रानी भारतीय भोजन, 2.स्वभूषा यानी अपने भारतीय वस्त्र पहनना,3. स्वभाषा अर्थात अपनी मातृभाषा का आधिकाधिक उपयोग करना, 4.स्वभजन-अपने परिवार के साथ सप्ताह में एक बार कम से कम एक घंटा अपने इष्ट का भजन करना और 5. स्वभ्रमण-अपने देश की विभिन्न संस्कृति को समझने के लिए भारत के विभिन्न स्थानों का परिभ्रमण करना । ये सब स्व के भाव का जागरण करते हैं। विवेक के सागर एवं हंसमुख प्रतिभा के धनी बैकुंठ प्रसाद शाह विभाग समन्वयक ऊर्जांचल विभाग के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में शिवानंद सिन्हा प्रांत प्रमुख, रविशंकर शुक्ल अखिल भारतीय संयोजक नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा एवं प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख, विभाग समन्वयक में रवि मिश्रा रीवा विभाग, हरिराम तिवारी छतरपुर, रामशिरोमणि शर्मा शहडोल, भास्कर वडनेकर जबलपुर, राजकुमार ठाकुर सागर, मनोज पुरी गोस्वामी मंडला, चुन्नीलाल बोपचेप्रांत योग प्रमुख एवं मंडला विभाग के विभाग समन्वयक, एवं सभी प्रशिक्षक गण एवं प्रशिक्षार्थी बंधु एवं भगिनी उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया स्वच्छता श्रमदान




**सिंगरौली।** स्वच्छ भारत अभियान को फलीभूत करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया जिसमे परिसर में फैले कचरे को सबने सामूहिक रूप से एकत्रित किया और नगर पालिक निगम के कचरा संग्रहण द्वारा संग्रहित किया गया।जिला शिक्षा अधिकारी एस बी सिंह के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा सहभागिता की गई जिसके लिए जूनियर रेड क्रॉस द्वारा स्पॉन्सरशिप किया गया वही नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा व्यवस्था को संपादित करने में भूमिका निभाई गई।श्रमदान के पश्चात स्वच्छ सिंगरौली की संकल्पना को साकार करने के लिए उपस्थित द्वारा शपथ ग्रहण किया गया। उक्त आयोजन में प्रमुख रूप से निगम उपायुक्त आर पी बैस,सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी,सहायक संचालक राजधर साकेत व कविता त्रिपाठी,योजना अधिकारी अशोक शुक्ला, एएसओ सर्वेश द्विवेदी,प्रभारी प्राचार्य राजेंद्र उपाध्याय,जिला दिव्यांग अधिकारी संतोष मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक संतोष तिवारी,शिक्षा विभाग से राजमणि सिंह,राम खेलावन बैगा,सुनील साकेत,टी बी सिंह,वीरेंद्र बैगा,चित्रभान सिंह एवं नगर निगम स्वच्छता प्रकोष्ठ से स्वच्छता उप पर्यवेक्षक अशोक त्रिपाठी,आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला इत्यादि की प्रमुख उपस्तिथि रही।

# सरई मे चल रहे रामकथा का हुआ भव्य समापन, राम रावण युद्ध

**श्री राम राज्याभिषेक चरित्र का हुआ सुंदर वर्णन**

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले सरई के राधा कृष्ण मंदिर बनियान तालाब में 10 मई से चल रहे श्री राम कथा भागवत व श्री हनुमान मारूति यज्ञ का कल शनिवार को भव्य समापन हुआ, कथा के नौवें व अंतिम दिवस अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका ममता पाठक जी ने आगें की प्रसंग मे लंका काण्ड का मार्मिक वर्णन करने हुए कहा कि शान्ति के सारे प्रयास असफल हो जाने पर युद्ध आरम्भ हो गया। लक्ष्मण और मेघनाद के मध्य घोर युद्ध हुआ। शक्तिबाण के वार से लक्ष्मण मूर्च्छित हो गये। उनके उपचार के लिये हनुमान सुषेण वैद्य को ले आये और संजीवनी लाने के लिये चले गये। गुप्तचर से समाचार मिलने पर रावण ने हनुमान के कार्य में बाधा के लिये कालनेमि को भेजा जिसका हनुमान ने वध कर दिया। औषधि की पहचान न होने के कारण हनुमान पूरे पर्वत को ही उठा कर वापस चले। मार्ग में हनुमान को राक्षस होने के सन्देह में भरत ने बाण मार कर मूर्च्छित कर दिया परन्तु सच जानने पर अपने बाण पर बिठा कर वापस लंका भेज दिया। इधर, औषधि आने में विलम्ब देख कर राम प्रलाप करने लगे। सही समय पर हनुमान औषधि लेकर आ गये और सुषेण के उपचार से लक्ष्मण स्वस्थ हो गये। रावण ने युद्ध के लिये कुम्भकर्ण



को जगाया। युद्ध में कुम्भकर्ण ने राम के हाथों परमगति प्राप्त की। लक्ष्मण ने मेघनाद से युद्ध करके उसका वध कर दिया। राम और रावण के मध्य अनेकों घोर युद्ध हुये और अन्त में रावण राम के हाथों मारा गया। विभीषण को लंका का राज्य सौंप कर राम, सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या के लिये प्रस्थान किया। सीता, लक्ष्मण और समस्त वानरसेना के साथ राम अयोध्या वापस पहुँचे। राम का भव्य स्वागत हुआ। भरत के साथ सर्वजनों में आनन्द व्याप्त हो गया। वेदों और शिव की स्तुति के साथ राम का राज्याभिषेक हुआ। चारों भाइयों के दो-दो पुत्र हुये। रामराज्य एक आदर्श बन गया। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा,साथ ही श्री राम सीताराम का भजन कीर्तन करते हुए आरती के साथ प्रसंग समाप्त किया गया। इसके साथ ही कथा वाचिका ममता पाठक जी ने कई अन्य विषयों प्रवचन करते हुए विविध प्रसंगों को सुनाया,आगे उन्होंने कहा कि आप सब इसी प्रकार के सत्कर्म करते रहे, रामबालक द्विवेदी जी को भगवान ने एक माध्यम बनाया जिनके माध्यम से यह कथा यहां पर हुई आप सभी भगवत भक्त संयोग से होती है। आरती कर प्रसाद वितरण कर नौ दिवसीय श्रीरामकथा का समापन हुआ। कथा यज्ञकर्ता बाबा भोलादास महाराज विप्र मित्र मंडली हैं। श्री रामकथा के आयोजन कर्ता व मुख्य श्रोता पूर्व संरपच रामबालक द्विवेदी,केमली देवी जी हैं। वही आज रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया है। जहां ज्यादा से ज्यादा संख्या में भंडारे में शामिल होने अपील की गई है।

## संपादकीय

# उदारता से नागरिकता

नागरिकता संशोधन अधिनियम अर्थात सीएए के तहत नागरिकता देने की शुरुआत सुखद और स्वागतयोग्य है। देश में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो भारतीय नागरिकता के हकदार हैं। ऐसे लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने के लिए ही सीएए लाया गया है। विगत चार वर्ष से इसका विरोध हो रहा था, तो इसे लागू करने की मांग भी सुनाई पड़ती थी। अंततः केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता प्रमाणपत्र का पहला सेट बुधवार को जारी कर दिया, जिसके तहत नई दिल्ली में 14 आवेदकों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। जाहिर है, केंद्र सरकार के इस कदम से नागरिकता की आस लगाए बैठे लोगों को अपार खुशी हुई होगी। अगर यही कवायद पहले शुरू होती, तो अब तक ज्यादा लोग लाभान्वित हुए होते। दरअसल, सीएए का विरोध इतना तीव्र था कि केंद्र सरकार ने कानून तो बना दिए, पर नियम तय न हो सके। इसी साल नियम तय हुए और नागरिकता देने की शुरुआत हुई है। नागरिकता संशोधन नियम, 2024 के बारे में देशवासियों को पूरी तरह से जागरूक रहना चाहिए। जो विदेशी भारत में बगैर वैधता रह रहे हैं, उनको जरूरत और इंसाफ के आधार पर नागरिकता लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कोई आश्चर्य नहीं, जिन लोगों को नागरिकता मिली है, उनकी खुशी पर गौर करना चाहिए। जिनको नागरिकता दी गई है, उनमें से ज्यादातर पाकिस्तान से बहुत कष्ट भोगने के बाद भारत आने को मजबूर हुए थे और दशक भर से ज्यादा समय से नागरिकता का इंतजार कर रहे थे। ध्यान रहे, इस अधिनियम के तहत, सरकार ने बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सताए गए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को आसानी से भारतीय नागरिकता देने का फैसला किया है। नागरिकता पहले भी मिलती थी, पर अब उसमें तेजी आ जाएगी। बहरहाल, सीएए के विरोध को भी समझने की जरूरत है। ऐसे लोग हैं, जो हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई के साथ ही मुस्लिमों को भी भारतीय नागरिकता की सुविधा देने के पक्ष में हैं। ऐसे लोग भारत को धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में देखते हैं और पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में सताए जाने वाले मुस्लिमों के लिए भी भारत के दरवाजे खुले रखना चाहते हैं। खांटी सांप्रदायिक आधार पर बने तीन पड़ोसी देशों के बीच धर्मनिरपेक्ष भारत से जैसी विशेष उदारता की उम्मीद की जा रही है, उस पर व्यापक बहस की गुंजाइश से भला कैसे इनकार किया जा सकता है?

**मुंबई में जो त्रासद हादसा हुआ है, वह साफ तौर पर स्थानीय निकायों और रेलवे की लापरवाही को दर्शाता है। मुंबई जैसे महानगर में प्राथमिक जिम्मेदारी तो बीएमसी की है, पर बीएमसी ने रेलवे को और रेलवे ने बीएमसी को जिम्मेदार ठहराया है। देखने की बात है, बीएमसी ने रेलवे या आरोपियों को दो साल बाद नोटिस भेजा है। इस होर्डिंग की शिकायत भी तब हुई, जब होर्डिंग के सामने आ रहे पेड़ों को काटा जा रहा था। आखिर बीएमसी को इस गलत होर्डिंग तक पहुंचने में इतना समय क्यों लगा? क्या बीएमसी की स्थानीय निगरानी व्यवस्था दुरुस्त नहीं है? नियमों को तोड़कर होर्डिंग लगाने वाले क्या इतने ताकतवर हो गए हैं कि रेलवे और बीएमसी के अधिकारी उनके खिलाफ कदम नहीं उठा पा रहे हैं? यह हादसा हमारी व्यवस्था की कमी का नतीजा है। इतने विशाल होर्डिंग लगाने से पहले मृदा परीक्षण होना चाहिए था, निर्माण सामग्री व निर्माण को परखना था और फिर लगातार सुरक्षा जांच की जरूरत थी, पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह लापरवाही नई नहीं है और हमारे ज्यादातर शहरों में व्याप्त है। सबको याद होगा मोरबी सेतु हादसा।**

# शहरों में लोगों पर क्यों गिरने लगे विशालकाय होर्डिंग

(के के पाण्डेय, प्रोफेसर, अर्बन मैनेजमेंट, आईआईपीए)

अपने देश में कई लोग बड़े-बड़े होर्डिंग या सूचना-पट्ट की ओर शक की निगाह से देख रहे होंगे। देश की व्यावसायिक राजधानी कहलाने वाले महानगर मुंबई में होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की मौत हुई है और 74 घायल हुए हैं। यह विशालकाय विज्ञापन-पट्ट 120 फुट का था, जबकि इतने बड़े पट्ट या होर्डिंग लगाने को मंजूरी नहीं है। देश के अलग-अलग राज्यों, शहरों में होर्डिंग का आकार अलग-अलग तय है। हालांकि, ऐसे शहर भी हैं, जहां होर्डिंग को लेकर स्थानीय नियम-कायदे तय नहीं हैं।

मुंबई में जो त्रासद हादसा हुआ है, वह साफ तौर पर स्थानीय निकायों और रेलवे की लापरवाही को दर्शाता है। मुंबई जैसे महानगर में प्राथमिक जिम्मेदारी तो बीएमसी की है, पर बीएमसी ने रेलवे को और रेलवे ने बीएमसी को जिम्मेदार ठहराया है। देखने की बात है, बीएमसी ने रेलवे या आरोपियों को दो साल बाद नोटिस भेजा है। इस होर्डिंग की शिकायत भी तब हुई, जब होर्डिंग के सामने आ रहे पेड़ों को काटा जा रहा था। आखिर बीएमसी को इस गलत होर्डिंग तक पहुंचने में इतना समय क्यों लगा? क्या बीएमसी की स्थानीय निगरानी व्यवस्था दुरुस्त नहीं है? नियमों को तोड़कर होर्डिंग लगाने वाले क्या इतने ताकतवर हो गए हैं कि रेलवे और बीएमसी के अधिकारी उनके खिलाफ कदम नहीं उठा पा रहे हैं?

यह हादसा हमारी व्यवस्था की कमी का नतीजा है। इतने विशाल होर्डिंग लगाने से पहले मृदा परीक्षण होना चाहिए था, निर्माण सामग्री व निर्माण को परखना था और फिर लगातार सुरक्षा जांच की जरूरत थी, पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह लापरवाही नई नहीं है



और हमारे ज्यादातर शहरों में व्याप्त है। सबको याद होगा मोरबी सेतु हादसा। गुजरात में सेतु टूट गया था, वहां भी सुरक्षा जांच या सेफ्टी ऑडिट का काम नहीं हुआ था। निगम के तहत आने वाले ऐसे ढांचों की समय-समय पर जांच की व्यवस्था होनी ही चाहिए, पर ऐसा होता नहीं है।

सामान्य तौर पर ही देख लीजिए, हमारे शहरों में जो फुटपाथ हैं, वह बुजुर्गों या दिव्यांगों के अनुकूल नहीं होते हैं। अच्छा कहलाने वाले शहरों में भी सड़कों या फुटपाथ की देखरेख पर्याप्त नहीं है। जरूरी सुविधाओं की परख नियमित रूप से होनी चाहिए, पर ऐसा होता नहीं है। मिसाल के लिए, कुछ वर्ष पहले तिरुवनंतपुरम के नगर निगम ने विशेष अभियान चलाकर जांच की और शहर में 54 हजार होर्डिंग को गलत पाया। शहरों में होर्डिंग लगाकर विज्ञापन शुल्क वसूला जाता है। नगरीय निकायों की अन्य स्रोतों से आय घटी है और वे होर्डिंग इत्यादि से ज्यादा कमाने के उपाय करते रहते हैं। विज्ञापन शुल्क को हटाया तो नहीं जा सकता और न होर्डिंग पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, पर इसके नियम-कायदे स्पष्ट होने चाहिए। एक बार जो प्रक्रिया तय हो जाए, तो उसकी पूरी पालना करनी चाहिए। निकाय विज्ञापनों के जरिये कमाई करे, पर सुरक्षा से किसी तरह का समझौता न करे। शहर के तय और सुरक्षित स्थानों पर ही विधिवत होर्डिंग लगाए जाएं। अवैध या गलत होर्डिंग को हटाना चाहिए।

केंद्र सरकारों को भी होर्डिंग संबंधी दिशानिर्देश तय करने चाहिए और अलग-अलग राज्यों में अपने हिसाब से दिशानिर्देश लागू करने चाहिए। जैसे पहाड़ी राज्यों के दिशा-निर्देश अलग हो सकते हैं। अवैध होर्डिंग के खिलाफ लोगों को भी जागरूक होना चाहिए और नगर निकायों को निगरानी के काम में आम लोगों की मदद लेनी चाहिए। जैसे बेंगलुरु में निकाय ने लोगों से कहा कि वे होर्डिंग के फोटो खींचकर भेजें। ऐसा होने से फायदा यह है कि अवैध होर्डिंग की जांच की जा सकती है या असुरक्षित होर्डिंग के बारे में शिकायत समय रहते सामने आ सकती है। अभी निगरानी का अभाव है, जिससे नगर निकाय को आर्थिक नुकसान के साथ ही आम लोगों को भी परेशानी होती है। अभी मुंबई में क्या हुआ, आम लोगों पर ही मुसीबत टूट पड़ी। आम लोग अगर सजग होते, तो यह नौबत ही नहीं आती। लोग अगर चाहें, तो मिलकर कहीं से भी असुरक्षित या अवैध होर्डिंग को हटवा सकते हैं। शहरों में विशालकाय होर्डिंग की संख्या बढ़ती चली जा रही है, अतः अपने स्तर पर शहरों के नीति नियंताओं को नियम-कायदे बना लेने चाहिए। श्रेष्ठ तरीका ऐसा होना चाहिए कि निकायों को कमाई भी हो और शहरवासियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# चाबहार बंदरगाह पर रिश्तों के जहाज

(विवेक काटजू, पूर्व राजदूत)

चाबहार बंदरगाह को लेकर भारत और ईरान के बीच हुआ ताजा समझौता काफी अहम है। यह आपसी रिश्ते को तो नई ऊंचाई देगा ही, 'कनेक्टिविटी' की दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। दोनों देशों के संबंधित मंत्रियों की मौजूदगी में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल), जो भारत की एक सार्वजनिक कंपनी है और ईरान के बंदरगाह एवं समुद्री संगठन के बीच यह तय हुआ है कि शाहिद बेहेश्ती बंदरगाह-चाबहार के आधुनिकीकरण में भारतीय कंपनी अगले 10 साल में लगभग 37 करोड़ डॉलर खर्च करेगी और उसका प्रबंधन व संचालन भी करेगी। इस रकम में से करीब 12 करोड़ डॉलर की धनराशि बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश की जाएगी, जबकि शेष 25 करोड़ डॉलर बतौर कर्ज ईरान को दिया जाएगा।

चाबहार बंदरगाह को विकसित करने की भारतीय मंशा दशकों पुरानी है। यह बंदरगाह ईरान के दक्षिण-पूर्वी तट पर है, जहां से अफगानिस्तान-ईरान सीमा पर स्थित जरांज शहर के जरिये दक्षिणी अफगानिस्तान का पूरा फलक खुल जाता है। आज से 22 साल पहले 2002 में ही वाजपेयी सरकार ने दूरंदेशी दिखाते हुए जरांज से दिलाराम तक सड़क बनाने में अफगानिस्तान की मदद की थी। यह सड़क चाबहार से अफगानिस्तान और अफगानिस्तान के जरिये मध्य एशिया, आगे रूस व यूरोपीय देशों के लिए रास्ता खोलती है। इसके साथ-साथ, ईरान की सहभागिता वाला अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा भी भारत के वाणिज्यिक हितों को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका अदा करेगा। हमें भूलना नहीं चाहिए कि पाकिस्तान अपने पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के जरिये अफगानिस्तान का मार्ग हमारे निर्यात के लिए कभी नहीं खोलेगा, जबकि इस्लामाबाद व बीजिंग की मंशा अफगानिस्तान को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे से जोड़ने की भी है, जिसकी कड़ी ग्वादर बंदरगाह से जुड़ी है। ऐसे में, आर्थिक और वाणिज्यिक नजरिये से स्वाभाविक ही चाबहार बंदरगाह का विकास हमारे हित में है। इससे हमारा सामरिक हित भी जुड़ा हुआ है।

शाहिद बेहेश्ती बंदरगाह-चाबहार पर समझौते के बाद अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा है कि ईरान से सहयोग करने वालों को वे अमेरिकी प्रतिबंध याद रखने चाहिए, जो वाशिंगटन ने तेहरान पर लगा रखे हैं। अभी हमें यह नहीं पता कि अमेरिकी प्रवक्ता की यह प्रतिक्रिया बस औपचारिक थी या फिर अमेरिकी प्रशासन ने चाबहार की अपनी नीति बदल ली है? दरअसल, 2016 में जब



भारत और ईरान के बीच चाबहार को लेकर एक समझौता हुआ था, तब प्रतिबंधों के बावजूद अमेरिका ने यह एलान किया था कि चाबहार के विकास के लिए दिया जाने वाला भारतीय सहयोग प्रतिबंध के दायरे से बाहर रहेगा। लिहाजा, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ठीक ही कहा है कि चाबहार के सहयोग को संकीर्ण नजरिये से नहीं देखना चाहिए, क्योंकि इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा। यह भी मुमकिन है कि भारत और अमेरिका की इस मसले पर परदे के पीछे बातचीत हुई हो, क्योंकि अमेरिकी प्रवक्ता के बयान में तल्खी नहीं थी। संभावना यह भी है कि घरेलू दबाव के चलते अमेरिका ने यह बयान दिया हो, क्योंकि इस साल वहां पर राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है और बाइडन प्रशासन ने ईरान के प्रति काफी कड़ा रुख अपनाया है।

बहरहाल, ईरान पश्चिम एशिया का एक बड़ा देश है। भारत के साथ उसके राजनीतिक संबंध और आधुनिक काल में, विशेषकर ऊर्जा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग दोनों देशों के लिए लाभदायक रहे हैं। हालांकि, सच यह भी है कि अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते कई भारतीय कंपनियों ने ईरान से दूरी बनाए रखी थी। वे वहां निवेश करने से तो बचती ही थीं, ईरानी कंपनियों के साथ साझेदारी से भी हिचकती थीं, क्योंकि उनको डर था कि ऐसा करने से अमेरिकी कंपनियों से उनका रिश्ता या अमेरिका में उनका संचालन प्रभावित हो सकता है। भारत सरकार ने भी ईरान के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने में अमेरिकी प्रतिबंधों को ध्यान में रखा है। हां, चाबहार समझौता एक अपवाद रहा। आज भी भारत-ईरान के आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों में अमेरिकी प्रतिबंधों का नकारात्मक प्रभाव हम आसानी से देख सकते हैं, क्योंकि भारत के चहुंमुखी हित ईरान की तुलना में अमेरिका से कहीं अधिक जुड़े हैं। फिर भी, इसका यह मतलब नहीं कि तेहरान और नई दिल्ली अपने रिश्ते आगे न बढ़ाएं। कुछ न कुछ रास्ता तो ढूंढ़ना ही पड़ता है और यही कूटनीति की चुनौती भी होती है कि एक बड़ी शक्ति अमेरिका के प्रतिबंधों से कैसे निपटा जाए?

इस पूरे मसले का एक पहलू यह भी है कि भारत के पश्चिम एशियाई देशों से गहरे हित जुड़े हैं। सामरिक और सुरक्षा के नजरिये से इजरायल नई दिल्ली के लिए अहम है, तो खाड़ी के देश हमारी ऊर्जा-सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। अरब देशों के साथ हमारा व्यापारिक संबंध काफी मजबूत है और लाखों भारतीय वहां काम करते हैं, जिनके द्वारा स्वदेश भेजी गई रकम हमारी अर्थव्यवस्था को फायदा पहुंचाती है। भारत की पारंपरिक नीति यही थी कि वह पश्चिम एशिया की अंदरूनी राजनीति से दूर रहे। यहां के हरेक देश के साथ वह अपने संबंध आगे बढ़ाता रहा है। मगर बीते कुछ वर्षों से इस नीति में बदलाव देखने को मिल रहा है। जिस तरह से अमेरिका ने खाड़ी के कुछ देशों, खासकर यूएईके साथ इजरायल के रिश्ते बढ़ाने में परदे के पीछे से मदद की, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यूएई के सदर और अबू धाबी के शासक मोहम्मद बिन जायेद से अपने निजी रिश्ते भी मजबूत किए हैं। कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री ने अमीरात का सफल दौरा भी किया था, जब वहां एक भव्य मंदिर का उद्घाटन हुआ था। स्वाभाविक है, इन घटनाओं को तेहरान में तीखी नजर से देखा जा रहा हो? ऐसे में, हम यह कह सकते हैं कि ताजा समझौते के जरिये भारत ने ईरान और इस क्षेत्र को एक संकेत दिया है कि वह अपनी पश्चिम एशिया की नीति में संतुलन बनाना चाहता है, जो उचित भी है।

उल्लेखनीय है कि ऐसे समझौते अमूमन चुनाव के बीच नहीं होते हैं। मगर इसका दूसरा पहलू यह है कि ईरान को विश्वास है, भारत और उसके हित को हर भारतीय सरकार आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं, वह यह भी जानता है कि भारत की नजर चीन-ईरान-पाकिस्तान रिश्तों पर भी रहती है और ईरान जैसे महत्वपूर्ण देश में चीन और पाकिस्तान को भारत खुली छूट नहीं दे सकता है।( ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5375

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | | ■ | 5 | 6 | | 7 |
| 8 | 9 | | 10 | ■ | 11 | | |
| ■ | | ■ | 12 | 13 | | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. टेस्ट मैचों में विश्व का सर्वाधिक रन स्कोर बनाने वाला वेस्टइंडीज का क्रिकेटर (अप्रैल 2004, 400 रन)(5)
5. शिकवा, उपलंभ, उलाहना (4)
8. फहराना, कंप युक्त गति होना (4)
11. व्यंग्यपूर्ण या छल भरी बात (3)
12. माता लक्ष्मी के नामों में से एक (3)
15. यूनानी रीति से चिकित्सा करने वाला (3)
16. पश्चिमी अफ्रीका का एक देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
17. पड़ौसी, प्रतिवेशी, हमसाया (4)
19. बुनियाद, जड़, नींव, आदि कारण (2)
20. फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
21. किसी त्यौहार व विशेष पर्व के अवसर पर लगा लोगों का जमघट या समूह (2)
23. मिथ्या संवाद या झूठी खबर (2)
24. परवरिश करना, भरण-पोषण करना (3)

**ऊपर से नीचे**
1. विश्व का एक मात्र देश जिससे भूमध्य रेखा और मकर रेखा दोनों की गुजरती है (3)
2. विलास चेष्टा, नाज-अदा, चोचला (3)
3. पुंज (2)
4. काबिल, योगय (3)
6. पैदल यात्रियों का समूह या दल (3)
7. करीने से काटना या कतरना (4)
9. जिद, दुराग्रह, दृढ प्रतिज्ञा, अटल संकल्प (2)
10. ठीक सामने की स्थिति को यह कहते है (6)
13. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
14. ब्राह्मण, पुरोहित (2)
15. बयार, पवन, वायु, समीर (2)
16. मिलावट, अनुचित मेल, गड़्मगड्ड (4)
18. नृत्य में एक प्रकार की गति (3)
22. उपस्थित करना, ले आना (2)

### वर्ग पहेली 5374 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | दि | रा | गा | धी | ■ | स्वा | न |
| त | न | ■ | व | ■ | आ | ग | म |
| जा | मा | ■ | ■ | आ | ज | त | क |
| म | न | भा | व | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | टा | ■ | बा | ज | ■ | रा |
| सा | ग | ■ | ज | न | म | ■ | म |
| त | ज | ■ | रि | ■ | घ | ना | ■ |
| ■ | ब | का | या | ■ | ट | न | ■ |

# दोस्ती अनलिमिटेड, पुतिन के चीन दौरे पर टिकीं निगाहें

(उत्कर्ष गहरवार)

पश्चिमी प्रतिबंधों ने रूस को बहुत हद तक चीन पर निर्भर कर दिया है। भारत से जारी व्यापार ने भी उसकी मदद की है, लेकिन नई दिल्ली उस तरह से खुलकर युद्ध में रूस का साथ नहीं दे सकती, जैसा चीन दे रहा है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक बार फिर चीन के दौरे पर हैं। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ उनकी मुलाकात ने दुनिया की बेचैनी बढ़ा दी है कि यूक्रेन में अब क्या होने जा रहा है। युद्ध के मोर्चे पर क्रेमलिन को अगर किसी एक देश से बिना शर्त समर्थन मिल रहा है, तो वह चीन ही है। ऐसे में बाकी मुल्कों की चिंता समझ में आती है।

**बदली भूमिका** – पुतिन अपनी यात्रा के दौरान चीन के उत्तर-पूर्व में मौजूद शहर हारबिन भी जाएंगे। कभी इस शहर को लेकर कहा जाता था कि यह चीन से ज्यादा रूसी है। रूस की संस्कृति की कुछ छाप यहां अब भी बची रह गई है। दोनों देशों के रिश्तों में भी ऐसा ही बदलाव आया है। कभी इस रिलेशन में रूस बड़ा भाई था, लेकिन अब रोल बदल चुके हैं।

**युद्ध में मददगार** – यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले साल 2021 में चीन और रूस के बीच का कुल व्यापार करीब 150 बिलियन डॉलर था, जो 2023 में 240 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। आरोप है कि व्यापार की आड़ में चीन दरअसल रूस की युद्ध में मदद कर रहा है, चीनी कंपनियां रूस की डिफेंस इंडस्ट्री को जरूरी सहायता मुहैया करा रही हैं। अमेरिका और पश्चिमी देश कई दफा इस बारे में चिंता भी जाहिर कर चुके हैं। उनका मानना है कि चीनी समर्थन के बिना पूतिन शायद ही इतनी लंबी लड़ाई जारी रख पाते।

**अमेरिका से दुश्मनी** – रूस और चीन की दोस्ती को पूतिन सीमाओं के परे बताते हैं। उन्हें शी पर कितना भरोसा है यह इससे जाहिर होता है कि युद्ध अपराधी घोषित होने के बाद उन्होंने भारत तक का दौरा टाल दिया, लेकिन चीन जाने से गुरेज नहीं। इस भरोसे की बुनियाद साझा है, अमेरिका के प्रति अविश्वास। दोनों ही देशों को लगता है कि पश्चिमी जगत उनकी प्रगति के आड़े आ रहा है। दोनों को ही कई तरह की बंदिशों का सामना करना पड़ रहा है।

**भारत की सीमा** – पश्चिमी प्रतिबंधों ने रूस को बहुत हद तक चीन पर निर्भर कर दिया है। भारत से जारी व्यापार ने भी उसकी मदद की है, लेकिन नई दिल्ली उस तरह से खुलकर युद्ध में रूस का साथ नहीं दे सकती, जैसा चीन दे रहा है। माना जा रहा है कि पुतिन का यह दौरा भी रक्षा सहयोग को लेकर है। उनके साथ नए और पुराने, दोनों रक्षा मंत्री गए हैं। चीन यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए मध्यस्थता की कोशिश भी कर चुका है। हालांकि इस पर बहस हो सकती है कि वह मध्यस्थता थी या रूस की पैरवी।

**नई दिल्ली क्या करें** – रूस भारत का पुराना दोस्त है, जबकि चीन के साथ उसके रिश्ते नरम-गरम वाले रहे हैं। यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत का रुख स्पष्ट है कि वह युद्ध के खिलाफ है, लेकिन किसी गुट का हिस्सा नहीं बनेगा। यह सही रास्ता भी है क्योंकि भारत खुद को ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में पेश करता रहा है और उसके इस रुख की सराहना भी हुई है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। समाज के प्रति दायित्व भी आप भरपूर निभाएंगे। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और कोई रुका कार्य पूर्ण होने से हर्ष होगा। शाम को आपका वक?त मेहमान और दोस?तों के साथ बीतेगा। खानपान का विशेष ध्यान नियंत्रण रखें।

### वृषभ
आज का दिन परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेंगे। सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। शाम के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

### मिथुन
आज किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी। बेहतर होगा किव्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक आपका दिन खुशी में बीतेगा। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग में सावधानी रखें।

### कर्क
आज लाभ का दिन है और करियर में आज आपकी स्थिति बेहतर होगी और कारोबार में आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी।

### सिंह
आज करियर में खुशखबरी मिल सकती है। आज का दिन परोपकार में बीतेगा और दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

### कन्या
आज लाभ का दिन है और आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। सेवा और पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। आपके परिवार के लोगों को आपका साथ मिलेगा और हर कार्य आपका समय से पूर्ण होगा।

### तुला
आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नये स्रोत बनेंगे। वाक् पटुता आपको विशेष सम्मान दिलायेगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आज आपके सम्?मान में वृद्धि के योग हैं। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी।

### धनु
आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। ऑफिस में किसी जूनियर के साथ आपका विवाद हो सकता है और आपको नुकसान हो सकता है। तनाव बढ़ सकता है। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें। वरना आपका पैसा फंस सकता है।

### मकर
आज आपको मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति आपकी पहले की तुलना में बेहतर होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

### कुंभ
आज दिन काफी बिजी रहेगा। भागदौड़ की वजह से आपके सामने अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के समय माता की सेहत में सुधार होगा।

### मीन
आज आनंद में बीतेगा। आज पास और दूर की यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सांयकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई काम की बात पता चल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी से सही में गायब हो गया चिनूक हेलीकॉप्टर का मॉडल? रक्षा मंत्रालय ने बताई सचाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को उन खबरों को खारिज कर दिया कि 2020 में रक्षा प्रदर्शनी (डेफएक्सपो) में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा लगाया गया चिनूक हेलीकॉप्टर का एक मॉडल गायब हो गया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने कहा कि डीआरडीओ ने कभी भी लखनऊ में हेलीकॉप्टर का कोई मॉडल नहीं लगाया। उन्होंने एक संक्षिप्त बयान में कहा, ''डेफएक्सपो 2020 के दौरान लखनऊ में डीआरडीओ द्वारा लगाये गये चिनूक हेलीकॉप्टर के मॉडल के गायब होने की खबर भ्रामक है।'' बाबू ने कहा, ''चिनूक बोइंग द्वारा बनाया गया है और डीआरडीओ ने कभी भी लखनऊ में हेलीकॉप्टर का कोई मॉडल नहीं लगाया है। डेफएक्सपो 2020 के आयोजन के दौरान कोई भी उत्पाद या मॉडल गायब नहीं हुआ। डीआरडीओ ने भी इन खबरों को ''भ्रामक'' बताया। उसने 'एक्स' पर कहा, ''ऐसी खबर चल रही है कि डीआरडीओ ने डेफएक्सपो 2020 के दौरान लखनऊ में चिनूक हेलीकॉप्टर मॉडल लगाया था और मॉडल अब गायब है।'' उसने कहा, '' यह सूचना गुमराह करने वाली है क्योंकि डीआरडीओ ने कभी लखनऊ में कोई हेलीकॉप्टर मॉडल नहीं लगाया था।'' अधिकारियों ने कहा कि लखनऊ में वृंदावन योजना क्षेत्र के सेक्टर 20 में एक हेलीकॉप्टर का मॉडल खराब हालत में था और सुरक्षा कर्मियों की सिफारिश के बाद इसे हटा दिया गया क्योंकि जी20 से संबंधित एक कार्यक्रम के वास्ते प्रधानमंत्री की शहर की यात्रा के लिए एक हेलीपैड का निर्माण किया जाना था।

### पीएम मोदी पंजाब में 23-24 मई को करेंगे तीन रैलियां

**चंडीगढ़, एजेंसी।** झप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 और 24 मई को पंजाब में तीन चुनावी-रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री 23 मई को पटियाला में पार्टी उम्मीदवार परनीत कौर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अगले दिन 24 मई को वह गुरदासपुर में दिनेश बाबू और जालंधर में सुशील रिंकू के समर्थन में रैलियां करेंगे। भाजपा राय में पहली बार अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए, इस बार उसकी असली परीक्षा होनी है। अकाली दल तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर करीब तीन दशक पुराना गठबंधन तोड़कर सितंबर 2020 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गया था। शिरोमणी अकाली दल (एसएडी) और भाजपा 1996 से राय में सीटों के बंटवारे के आधार पर चुनाव लड़ती रही है। पिछली बार 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने राय की 13 लोकसभा सीटों में से आठ जीती थीं। भाजपा और एसएडी को दो-दो सीटों पर जीत मिली थी जबकि आप के खाते में मात्र एक सीट गई थी। पंजाब में इस बार सभी सीटों पर एक साथ 1 जून को मतदान होना है।

### दक्षिण तमिलनाडु में भारी बारिश, कन्याकुमारी में बांधों की हो रही निगरानी

**चेन्नई, एजेंसी।** दक्षिण तमिलनाडु के इलाकों में इन दिनों हो रही भारी बारिश से लोग परेशान हैं। इस बीच कन्याकुमारी जिले में बांधों पर निगरानी रखी जा रही है। अग्निशमन एवं बचाव विभाग भी किसी भी संभावित बचाव अभियान के लिए तैयार है। कन्याकुमारी जिला अग्निशमन अधिकारी सत्यकुमार ने आईएएनएस को बताया, यदि बाढ़ आती है तो विभाग किसी भी बचाव अभियान के लिए तैयार है। सत्यकुमार ने लोगों से जल निकायों के पास न जाने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने बिजली गुल होने पर भी सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि लोग बिजली गुल होने की सूचना तत्काल स्थानीय बिजली दफ्तर को दें और अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं को भी सूचित करें। कन्याकुमारी जिले के नौ बांधों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अगर इन बांधों में पानी का प्रवाह यादा हुआ तो कुछ बांधों के गेट खोल दिए जाएंगे।

### यूपी की 14 लोकसभा सीटों पर आज मतदान, राजनाथ, राहुल, स्मृति समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी लोकसभा चुनाव का पांचवा चरण देश और प्रदेश के राजनीतिक दृश्य के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर चार केन्द्रीय मंत्री सहित भाजपा के 11 मौजूदा सांसदों का राजनीतिक भविष्य तय होना है। इस चरण में तीन सीटों पर सबसे हाई प्रोफाईल चुनाव होगा। रायबरेली सीट पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी हैं तो लखनऊ सीट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह हैं। लखनऊ के ग्रामीण इलाकों की मोहनलालगंज सु.सीट पर केन्द्रीय राय मंत्री कौशल किशोर भी तीसरी बार मैदान में उतरे हैं। वहीं अमेठी की चर्चित सीट पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भाजपा की उम्मीदवार है। इजालौन सु.सीट पर भाजपा के मौजूदा सांसद भानु प्रताप वर्मा, झांसी में अनुराग शर्मा, हमीरपुर में कुंवर पुष्पेन्द्र चन्देल, बांदा में आर.के.सिंह पटेल, फतेहपुर में साध्वी निरंजन योति, कौशाम्बी में विनोद सोनकर मैदान में हैं।

# 22 मई तक भीषण गर्मी, फिर यूपी सहित कई राज्यों में होगी बारिश !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि अगले पांच दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी जारी रहने की उम्मीद है। आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों तक पूर्वी और मध्य भारत में भी भीषण गर्मी की यही स्थिति बने रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कई इलाकों में 22 मई तक भीषण गर्मी का अनुभव होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी भीषण गर्मी की स्थिति बनी रहेगी।

**नौ रायों में लू का 'अलर्ट' जारी :** मौसम विभाग ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 122 मई तक हीटवेव (लू) की स्थिति बने रहने का अनुमान है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 20 से 22 मई तक इन स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान उत्तराखंड, गुजरात और मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में भी इसी अवधि के दौरान लू की स्थिति का अनुभव होगा। बिहार और गंगीय पश्चिम बंगाल में 20 मई तक, झारखंड में 20 मई को और ओडिशा में 20 से 22 मई तक लू चलेगी।

पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू ने ना केवल लोगों को बेहाल कर दिया है बल्कि लू के थपेड़ों ने जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक दिल्ली समेत नौ रायों में लू का 'अलर्ट' जारी किया है। इनमें राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,



गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार और गुजरात में के कुछ हिस्सों में भीषण लू चलने की संभावना जताई है। विभाग ने ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में भी लू चलने की संभावना जताई है। शुक्रवार को उक्त रायों के कई शहरों में तापमान 43 से 46 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। सबसे यादा उत्तर प्रदेश के आगरा में पारा 46.9 डिग्री पहुंचा। इसके अलावा ओडिशा, झारखंड, गोवा, असम और त्रिपुरा में आज उमसभरी गर्मी का अनुमान जारी किया गया है।

**गर्मी के साथ राहत भरी खबर :** अगले सप्ताह ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी/घंटा) के साथ छिटपुट हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 19-23 मई के बीच बिहार और झारखंड में भी इसी तरह की बारिश का अनुमान है। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-50 किमी / घंटा) के साथ वर्षा की भविष्यवाणी की गई है। थोड़ी कम हवा की गति (30-40 किमी/घंटा) के साथ इसी तरह की स्थिति अगले पांच दिनों में अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा को प्रभावित कर सकती है। सिक्किम में 20 मई तक, असम और मेघालय में 18-20 मई तक, और नागालैंड और मणिपुर में 18 मई को भारी बारिश होने की उम्मीद है।

**दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की दस्तक :** राहत की बात यह है कि मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 19 मई के आसपास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में आगे बढ़ने की संभावना है। उधर, दक्षिण भारत के रायों में तेज बारिश का 'अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज से अगले पांच दिन तक तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में भारी बारिश का दौर रहेगा। वहीं, कर्नाटक में दो दिन बाद यानी 20 मई से तेज बारिश की संभावना बनेगी। तमिलनाडु में शुक्रवार को भी तेज बारिश हुई। इससे कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालत बन गए। तमिलनाडु की राय आपदा मोचन बल की टीम ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। टीम शुक्रवार देर रात ही चेन्नई से तिरुनेलवेली पहुंच गई है। जिले के निचले इलाकों में भारी बारिश से निपटने की तैयारी कर रही है। तमिलनाडु में भारी बारिश तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण तिरुपुर जिले में तिरुमूर्ति पहाड़ियों पर स्थित अमनलिंगेश्वर मंदिर में बाढ़ जैसे हालात बन गए। इसके बाद श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में बड़ा ऐक्शन, प्रवल रेवन्ना के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** जनता दल सेक्युलर से निलंबित नेता प्रवल रेवन्ना के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। पिछले महीने इससे जुड़े कई वीडियो वायरल हुए जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इसे लेकर विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था और प्रवल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की इजाजत मांगी थी। मालूम हो कि कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण से ठीक पहले प्रवल रेवन्ना के कई वीडियो सामने आए, जिनमें वह महिलाओं के साथ यौन दुर्व्यवहार करता नजर आया। मालूम हो कि प्रवल रेवन्ना हासन लोकसभा सीट से जेडीएस-बीजेपी के संयुक्त उम्मीदवार है। इस बीच, बेंगलुरु की अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना को दी गई अंतरिम अग्रिम जमानत 20 मई तक के लिए बढ़ा दी। रेवन्ना और उनके बेटे व सांसद प्रवल रेवन्ना के खिलाफ 28 अप्रैल को हासन जिले के होलेनरसीपुर टाउन पुलिस थाने में घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था। ऐसा बताया जाता है कि प्रवल 27 अप्रैल को जर्मनी रवाना हो गए थे और वह अभी भी इस मामले में पेश नहीं हुए हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि 66 वर्षीय विधायक के घर पर पिता-पुत्र ने उसका यौन शोषण किया था। प्रवल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों और संबंधित मामलों की जांच कर रहे एसआईटी ने पूर्व मंत्री को हिरासत में दिए जाने की अपील की थी। वहीं, कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने मांग किया कि अश्लील वीडियो मामले की जांच सीबीआई को सौंपना चाहिए। प्रमुख लोगों की भागीदारी पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए विजयेंद्र ने पीड़ितों के लिए न्याय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में कई प्रमुख हस्तियों को फंसाया जा रहा है। मैं राय सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि पीड़ितों को न्याय मिले। मुझे लगता है कि केवल सीबीआई को जांच सौंपकर न्याय प्राप्त किया जा सकता है। यह राय सरकार से मेरी अपील है। इससे पहले, पूर्व प्रधानमंत्री व जनता दल सेक्युलर के प्रमुख एचडी देवगौड़ा ने अपने पोते व हासन के सांसद प्रवल रेवन्ना के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामला रचा गया है।

## जेल ट्रांसफर के बहाने हो सकती है मेरी हत्या, अबू सलेम को सता रहा एनकाउंटर का डर

**मुंबई, एजेंसी।** जेल में बंद 1993 के बॉम्बे सीरियल बम विस्फोटों के दोषी अबू सलेम को अपनी जान का डर सताने लगा है। उन्हें इस बात का डर है कि जेल ट्रांसफर के बहाने उसकी हत्या ना कर दी जाए। इसके लिए उसने स्पेशल कोर्ट में याचिका दाखिल की थी और जेल ट्रांसफर नहीं करने के लिए आदेश देने की अपील कोर्ट से की है। कोर्ट ने उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए तलोजा जेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अगले आदेश तक अबू सलेम का जेल ट्रांसफर नहीं करें। 19 साल पहले पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के बाद से जेल में बंद अबू सलेम को आशंका है कि जैसे-जैसे जेल से उसकी रिहाई करीब आ रही है, उसे अन्य जेलों में स्थानांतरित करके उसे मारने की साजिश रची जा रही है। उसे अपनी जान पर खतरा महसूस हो रहा है। सलेम ने पिछले दो हमलों का भी हवाला दिया, जिनमें आर्थर रोड जेल में गैंगस्टर और इसी मामले में एक और दोषी मुस्तफा दोसा की हत्या कर दी गई थी। आपको बता दें कि छोटा राजन के सहयोगी मुंबई सेंट्रल जेल, औरंगाबाद सेंट्रल जेल, अमरावती सेंट्रल जेल और कोल्हापुर सेंट्रल जेल जैसी विभिन्न जेलों में बंद हैं। अबू सलेम को आशंका है कि वे जेल अधिकारियों को रिश्वत देंगे और दबाव डालेंगे। उस पर हमला करो।

## नाबालिग से गैंगरेप के बाद भट्ठी में जिंदा जला दिया था, अब कोर्ट ने सुनाया फैसला

**भीलवाड़ा, एजेंसी।** राजस्थान में पिछले साल 14 साल की लड़की के साथ हुए सामूहिक बलात्कार और फिर कोयले की भट्ठी में उसे जिंदा जलाने के मामले में भीलवाड़ा जिले की एक पॉक्सो (पीओसीएसओ) अदालत ने शनिवार को दो आरोपियों को दोषी करार दिया, साथ ही सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत सोमवार को सजा सुनाएगी। बरी किए गए लोगों में शामिल तीन महिलाओं व चार पुरुषों पर सबूत नष्ट करने का आरोप था।

इस बारे में जानकारी देते हुए भीलवाड़ा सत्र न्यायालय के वकील सुनील पारीक ने बताया, जस्टिस अनिल गुप्ता की अध्यक्षता वाली विशेष पॉक्सो अदालत द्वद्व ने दो मुख्य आरोपियों कालू और कान्हा को दोषी ठहराते हुए सात आरोपियों को बरी कर दिया। हालांकि, अंतिम फैसला सोमवार को सुनाया जाएगा जिसके बाद ही उनके बरी होने का कारण और आरोपियों की सजा के बारे में पता चल सकेगा।

**वारदात के अगले दिन मिला था जला हुआ शव :** पुलिस के मुताबिक भीलवाड़ा के कोटड़ी में पिछले साल 2 अगस्त को 14 वर्षीय नाबालिग के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। वारदात के अगले दिन उसका जला हुआ शव कोयला भट्ठी से बरामद हुआ था। इस वारदात को लेकर दो नाबालिगों सहित कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक श्याम सुंदर बिश्नोई ने बताया कि कोयला भट्ठी की देखभाल करने वाले दो लोगों ने उस वक्त नाबालिग का



अपहरण किया था जब वह 2 अगस्त की रात को मवेशियों को चराने गई थी। बाद में दोनों आरोपियों ने अपनी पत्नी और अन्य साथियों को बुलाया, जिन्होंने अगले दिन सुबह पीड़िता को जलती कोयले की भट्ठी में जिंदा फेंक दिया था। साथ ही सबूतों को नष्ट करने के मकसद से पीड़िता के शरीर के कुछ अंगों को इकट्ठा करके उन्हें भट्ठी के पास स्थित एक कुएं में डाल दिया था। इस मुद्दे को लेकर तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने खराब कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन राय सरकार पर जमकर हमला बोला था। विपक्षी दलों ने उस वक्त चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के अंदर भी इस मुद्दे पर काफी हंगामा किया था।

हालांकि, तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने उन्हें जवाब देते हुए बताया था कि वारदात के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच के लिए एडीजीपी (अपराध) दिनेश एमएन सहित एक उचस्तरीय जांच दल भी गठित किया गया।

इस मामले में पुलिस ने 3 सितंबर 2023 को 11 आरोपियों के खिलाफ 473 पन्नों की लंबी चार्जशीट भी दायर की थी। जिनमें से नौ आरोपियों की सुनवाई विशेष पीओसीएसओ अदालत में चल रही थी, जबकि दो नाबालिगों की सुनवाई अलग से की जा रही है।

## राजस्थान पुलिस के हत्थे चढ़ा 1 लाख का इनाकी डैकत लुक्का, दोनों तरफ से चली गोलियां

**धौलपुर, एजेंसी।** राजस्थान की धौलपुर जिला पुलिस को शनिवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस ने बसई डांग क्षेत्र के नियाती के जंगलों में मुठभेड़ के दौरान जिले के नंबर वन खूंखार अपराधी 1 लाख के इनामी धर्मेंद्र उर्फ लुक्का को चार साथियों समेत गिरफ्तार किया है। इनमें दो अपराधी नाबालिग होने पर पुलिस ने उन्हें निरुद्ध किया. पुलिस ने डकैत गैंग से पांच हथियार समेत 60 जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बताया कि एडीजी क्राइम दिनेश एमएन के निर्देश में अपराधियों की धर-पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले का कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का विगत लंबे समय से फरार चल रहा था. डकैत को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी. डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का की गिरफ्तारी को लेकर एडीजी क्राइम ने हाल ही में 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। डकैत गैंग को पकड़ने के लिए पुलिस की डीएसटी, क्यूआरटी टीम समेत साइबर सेल विशेष निगरानी रख रही थी. एसपी ने बताया कि शनिवार को धौलपुर



पुलिस को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि लुक्का को साथियों के साथ नियाती के जंगलों में देखा गया है. मुखबिर की सूचना बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में डीएसटी, क्यूआरटी, बाड़ी, सदर बसई डांग, सोने का गुर्जा थाना पुलिस को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर डकैत गैंग को सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का एवं उसके सहयोगियों ने पुलिस को टारगेट कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान पुलिस की ओर से भी आत्मरक्षा में डकैतों की गैंग पर फायरिंग की गई। पुलिस की तरफ से 50 एवं डकैतों की तरफ से करीब 40 राउंड फायरिंग की गई। फायरिंग के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का, डकैत रामबृज एवं रामू को दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो नाबालिगों को निरुद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बताया कि डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का गैंग से पुलिस ने पांच हथियार समेत 60 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डकैतों के कब्जे से तीन राइफल एवं दो 315 बोर के कट्टा बरामद किए गए हैं। अनुसंधान में और हथियार भी बरामद हो सकते हैं। 1 लाख के इनामी डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पर धौलपुर समेत मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में टोटल 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं। लुक्का पर हत्या के प्रयास, लूट, रंगदारी, राज कार्य में बाधा उत्पन्न करने और मारपीट जैसे मामले दर्ज हैं। डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पर मध्य प्रदेश की मुरैना जिला पुलिस ने भी 5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का, रामब्रज एवं डकैत रामू का भारी पुलिस बल के साथ धौलपुर शहर में जुलूस निकाला गया।

## ममता से लड़ना है तो राम के घर आओ, खड़गे की चेतावनी के बाद अधीर रंजन को भाजपा का ऑफर

**कोलकाता, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ममता बनर्जी को लेकर हमेशा आक्रामक होने के कारण अपनी ही पार्टी में अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। ममता और टीएमसी के अन्य नेताओं ने बार-बार अधीर को भाजपा एजेंट करार दिया है। ममता ने हाल ही में कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो टीएमसी भी समर्थन देगी। टीएमसी सुप्रीमो के बयान पर अधीर रंजन ने कहा था कि ममता पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी टिप्पणी की है। उन्होंने साफ-साफ कहा है कि ममता को लेकर जो भी फैसला होगा वह खड़गे खुद या आलाकमान सोनिया गांधी करेंगी। खड़गे के बयान के बाद बीजेपी ने इस मौके को लपका और लगे हाथ बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने अधीर रंजन चौधरी को पार्टी बदलने का ऑफर दे दिया। शनिवार को प्रचार के दौरान एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में सुकांत मजूमदार ने कहा, मैं अधीरदा से यही कहूंगा कि अगर आप ममता बनर्जी से लड़ना चाहते हैं तो कोई उपयुक्त जगह ढूंढ लीजिए। जिस घर में आप हैं वह भयावहता से भरा है। भयावहता का घर छोड़ो। राम के घर चलो। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पहले ही एक फर्जी मैसेज फैल चुका है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि अधीर चौधरी जून में बीजेपी में शामिल



होंगे। हालांकि अधीर ने वायरल मैसेज का खंडन किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अधीर को दी गई चेतावनी के बाद फिर कयासों का बाजार गर्म हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अधीर चौधरी को सख्त संदेश देते हुए ममता मुद्दे पर कहा, अधीर रंजन चौधरी फैसला नहीं लेंगे, हम फैसला लेंगे, कांग्रेस पार्टी फैसला लेगी। हम हाईकमान हैं। हम जो कहते हैं उसे मानना होगा, नहीं तो हमें जाना होगा। इसके अलावा खड़गे ने ममता के इंडिया ब्लॉक में होने को लेकर कहा, ममता बनर्जी शुरू से ही बाहर से समर्थन की बात करती रही हैं और बाहर से समर्थन कोई नई बात नहीं है। सबसे पहले यूपीए सरकार को वामपंथियों का भी बाहर से समर्थन प्राप्त था। हालांकि बाद में ममता ने यह भी कहा कि वह इंडिया गठबंधन में हैं और सरकार बनने पर उसमें शामिल होंगी।

## कंगना रनौत ने चुनाव जीतने से पहले जाहिर कीं अपनी 2 इछाएं

**शिमला, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत अपने बयानों से अक्सर चर्चा में रहती हैं। अपनी चुनावी रैलियों में वह विपक्ष पर जमकर गरजती दिखती हैं। इस बार उन्होंने चुनाव जीतने से पहली ही अवॉर्ड से लेकर मंत्री पद अपनी दो बड़ी महत्वाकाक्षाओं को जाहिर कर दिया है।

कंगना ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे एक अभिनेत्री के तौर पर जो इतने सारे पुरस्कार मिले हैं, चाहे वह राष्ट्रीय पुरस्कार हों या पद्मश्री, अगर आने वाले समय में मुझे एमपी ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिलेगा, तो मुझे बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा कि आगे चलकर मुझे कोई मिनिस्ट्री या नेशनल लेवल पर कोई बड़ा रोल मिलता है तो हम आगे के रोल पर सोच सकते हैं, लेकिन अभी तो हम केवल मंडी के विकास पर ही बात कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने सेब के किसानों के मुद्दों को सुलझाने पर भी बात की। कंगना ने कहा कि प्रत्याशी होकर ये मेरा रोल नहीं है कि मैं अभी कोई भी घोषणा या वादा करूं। वैसे भी हमें ऊपर से निर्देश आए हुए होते हैं कि आपको अपने हिसाब से कोई वादे नहीं करने हैं, क्योंकि हमारी पार्टी में मोदी की गारंटी को बहुत गंभीरता से लिया जाता है। बाकी मुझे नहीं लगता है कि किसी और पार्टियों में इस तरह के सख्त प्रोटोकॉल हैं। हमारा बहुत सख्त प्रोटोकॉल है। ऐसा नहीं है कि चुनाव जीतने के लिए कुछ भी अंट-शंट बोले जा रहे हैं।

**मंडी में कंगना और विक्रमादित्य में टक्कर :** बता दें कि, मंडी सीट पर इस बार कंगना रनौत और कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। भाजपा ने इस सीट से पहली बार किसी महिला और बॉलीवुड हस्ती को मैदान में उतारा



है। कंगना और विक्रमादित्य के बीच जुबानी जंग जारी है। विक्रमादित्य ने कंगना पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि वह एक महीने के राजनीतिक पर्यटन पर हैं और 4 जून के बाद अपना बोरिया-बिस्तारा बांधकर बॉलीवुड लौट जाएंगी। इसके जवाब में कंगना ने विक्रमादित्य की तुलना राहुल गांधी से करते हुए कहा था कि दिल्ली में एक 'बड़ा पप्पू' है और हिमाचल में 'छोटा पप्पू'।

## राहुल को प्रधानमंत्री चुनने को लेकर बोले बघेल, इंडिया गठबंधन का फैसला नहीं यह कांग्रेसियों का उत्साह

**रायपुर, एजेंसी।** आज छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उत्तर प्रदेश के दौरे से वापस लौट आए हैं।? रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि वह लगातार उत्तर प्रदेश और रायबरेली के चुनावी दौरे पर रहे है। जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के लिए चुनावी प्रचार-प्रसार किया है। इस दौरान राहुल गांधी को सांसद नहीं बल्कि प्रधानमंत्री चुनने की बात को लेकर उन्होंने बड़ा बयान दिया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री चुनने को लेकर दिया गया बयान पार्टी का नहीं बल्कि रायबरेली की जनता और कांग्रेस नेताओं के उत्साह का बयान है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री चुनने वाले बयान के सवाल को लेकर कहा कि यह इंडिया गठबंधन का फैसला नहीं है। मैं उस गठबंधन की टीम का सदस्य भी नहीं हूं, इसलिए मैं यह बिल्कुल भी नहीं बता सकता कि प्रधानमंत्री कौन होगा। बघेल ने कहा कि जब हम रायबरेली में राहुल गांधी जी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे उस दौरान क्षेत्र की जनता के द्वारा ऐसा कहा गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के नेताओं का सिर्फ उत्साह है। भूपेश बघेल ने चर्चा में कहा कि रायबरेली से देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी चुनाव लड़ने के बाद प्रधानमंत्री बनी थी। बघेल ने कहा कि रायबरेली से जो भी नेता चुनाव लड़ता है वह प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार होता है।

## संक्षिप्त समाचार



### हैदराबाद ने पंजाब को 4 विकेट से हराया

- पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंची
- अभिषेक का अर्धशतक, नटराजन को 2 विकेट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में रविवार को हुए डबल हेडर के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। इसी के साथ पॉइंट्स टेबल में 17 अंक के साथ टीम दूसरे नंबर पर आ गई है। राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। पंजाब किंग्स ने 5 विकेट खोकर पहली पारी में 214 रन बनाए थे। जवाब ने हैदराबाद ने 6 विकेट खोकर 19.1 ओवर में टारगेट चेज कर लिया। हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक जमाया। उन्होंने 28 बॉल में 66 रन की पारी खेली। उनके अलावा हेनरिक क्लासन नेभी 25 बॉल में 42 रन बनाए। वहीं, गेंदबाजी में टी नटराजन ने 2 विकेट लिए।

### महेंद्र सिंह धोनी की भावुक विदाई!



- आंखों में दिखे आंसू, सबके बीच रहकर भी अकेले पड़ गए माही

**बेंगलुरु, एजेंसी।** गत विजेता और पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी। घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने करो या मरो के मैच में चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। मैच के बाद अब एकबार फिर सारी निगाहें धोनी की ओर टकटकी लगाए देख रही है। जिस तरह एक के बाद एक इशारे मिल रहे थे, उसकी कड़ियों को जोड़ने पर यही लगता था कि धोनी आखिरी बार आईपीएल खेल रहे हैं। इसके बाद शायद संन्यास ले लेंगे। येलो आर्मी अगर चैंपियन बनती या फाइनल में भी पहुंचती तब तो ऐसे बिग इवेंट धोनी को ग्रैंड विदाई मिलती।

मगर अब एकबार फिर से कयासों का दौर शुरू हो चुका है। आरसीबी से हार के बाद धोनी की एक दिल तोड़ने वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जब जीत की उम्मीदें धीरे-धीरे धुंधली पड़ रही थी। टीम को तीन गेंद पर 11 रन की जरूरत थी। धोनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाने के बाद दूसरी पर आउट हो चुके थे। डगआउट में वापस जाकर दोबारा मैदान पर नजर गड़ाने की कोशिश कर रहे थे। सिर पीछे झुकाए, जो छुट गया उसके बारे में सोच रहे थे। आंखों में नमी थी। चेहरे पर खामोशी थी। एक अजीब सी शांति, जिसके भीतर जज्बातों का तूफान पल रहा था। शायद धोनी बखूबी जानते हैं कि वह 42 साल की उम्र में शानदार फॉर्म के बावजूद फाइनल के नजदीक पहुंचाने का मौका गंवा चुके हैं।

**चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराया**

# सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन का खिताब जीता




**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया।

पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21.15, 21.15 से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे। चिराग ने जीत के बाद कहा, 'बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था।

सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैम्पियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

**बॉक्सिंग**

# निकहत-मीनाक्षी ने स्वर्ण जीता

**एलोरडा कप में भारत के नाम 12 पदक**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किए थे। मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन और मीनाक्षी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

शनिवार को भारतीय टीम ने एलोरडा कप मुक्केबाजी में अपना अभियान सर्वश्रेष्ठ 12 पदकों के साथ खत्म किया। निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किए थे।

निकहत (52 किग्रा) ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए कजाकिस्तान की जजीरा उराकबायेवा को 5-0 के स्कोर से हराकर अपने प्रभावशाली करियर में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। मीनाक्षी ने दिन की शानदार शुरुआत करते हुए महिलाओं के 48 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा सैदाहोन को 4-1 से हराकर भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान रजत पदक के साथ समाप्त हुआ।

अनामिका ने मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन चीन की वू यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनीषा को कजाकिस्तान की विक्टोरिया ग्राफीवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

**आईपीएल 2024**

# यश दयाल के शानदार प्रदर्शन से बेंगलुरु की चेन्नई पर 27 रन की जीत



**बेंगलुरु, एजेंसी।** एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल ने 42 रन देकर 2 विकेट लिए, जिसमें एम.एस. धोनी को अंतिम ओवर में सात रन पर आउट करना भी शामिल था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स पर 27 रन की शानदार जीत के साथ प्लेऑफ में प्रवेश करने का हौसला बनाए रखा।

कप्तान फाफ डु प्लेसिस (54), विराट कोहली (47), रजत पाटीदार (41) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 38) की सामूहिक बल्लेबाजी में 218/5 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद आरसीबी ने सीएसके को शुरू से ही परेशानी में डाले रखा। हालांकि रचिन रवींद्र ने 61 रन बनाए और रवींद्र जडेजा-एमएस धोनी ने 27 गेंदों पर 61 रन की साझेदारी की, लेकिन यह पर्याप्त नहीं थी, क्योंकि सीएसके प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए 191/7 पर ही सीमित थी।

आरसीबी को लगातार छठी जीत मिली। अब वह 23 मई को अहमदाबाद में एलिमिनेटर खेलेगी। सीएसके शुरू से ही 219 रन का पीछा करने की कोशिश में नहीं थी। ग्लेन मैक्सवेल की शॉर्ट फाइन लेग पर सीधे शॉर्ट बॉल को टॉप-एज करने के बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ गोल्डन डक के शिकार हो गए।

डेरिल मिशेल कुछ खास नहीं कर सके और यश दयाल के खिलाफ मिड-ऑफ में गेंद गंवाने से पहले केवल छह गेंदों तक टिके रहे। रचिन ने अपने कट और पुल के साथ अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 66 रनों की साझेदारी करके सात चौके लगाकर शुरुआती झटकों के बाद सीएसके के जहाज को संभाला। लेकिन आरसीबी के स्पिनरों द्वारा बनाए गए दबाव का मतलब था कि अजिंक्य रहाणे लॉकी फर्ग्यूसन की पहली गेंद पर नियंत्रण करना चाहते थे, लेकिन 22 गेंदों में 33 रन बनाकर वाइड मिड-ऑफ पर आउट हो गए।

रचिन ने फर्ग्यूसन को डीप मिडविकेट पर छक्का लगाकर 31 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, जो आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक है। किस्मत सीएसके के साथ जा रही थी, जब सिराज ने लॉन्ग-ऑन पर शिवम दुबे का कैच छोड़ दिया। लेकिन उसी ओवर में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई और रवींद्र 37 गेंदों में 61 रन बनाकर रन आउट हो गए।

हालांकि ग्रीन की गेंद पर दिनेश कार्तिक ने जडेजा का कैच छोड़ दिया, लेकिन आरसीबी ने स्ट्राइक करना जारी रखा, क्योंकि दुबे ने फर्ग्यूसन की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट किया, जबकि फाफ डु प्लेसिस ने मिड-ऑफ पर एक हाथ से छलांग लगाकर मिशेल सेंटनर को सस्ते में आउट कर दिया।

सीएसके को 200 के पार ले जाने के लिए जडेजा और धोनी ने आपस में नौ शानदार चौके लगाए, लेकिन अंतिम ओवर में दयाल के आउट होने के बाद मैच आरसीबी के पक्ष में आ गया। सीएसके को अंतिम दो गेंदों पर क्वालिफाई करने के लिए 10 रनों की जरूरत थी, लेकिन दयाल ने एक भी रन नहीं देकर मैदान में जश्न का माहौल बना दिया।

**संक्षिप्त स्कोर:**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 20 ओवर में 218/5 (फाफ डु प्लेसिस 54, विराट कोहली 47, शार्दुल ठाकुर 2-61, मिशेल सेंटनर 1-23) ने चेन्नई सुपर किंग्स को 20 ओवर में 191/7 (रचिन रवींद्र 61, रवींद्र जडेजा 42 नाबाद) यश दयाल 2-42, कैमरून ग्रीन 1-18) 27 रन से हराया।

## धोनी ने मारा आईपीएल 2024 का सबसे लंबा छक्का, स्टेडियम के बाहर गई गेंद




**बेंगलुरु, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 68वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने बाजी मारकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की की। वहीं, एमएस धोनी ने इस मैच में एक जुझारू पारी पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस पारी में एमएस धोनी ने एक छक्का जड़ा, जो स्टेडियम के बाहर गया। ये छक्का इस सीजन का सबसे लंबा छक्का था।

एमएस धोनी ने इस मैच में 13 गेंदों पर 25 रनों की पारी खेली। उन्होंने 192.31 की स्ट्राइक रेट से 3 चौके और 1 छक्का जड़ा। धोनी ने इस पारी के दौरान तेज गेंदबाज यश दयाल की गेंद पर इस सीजन का सबसे लंबा छक्का लगाया। यश दयाल ने पारी के आखिरी ओवर की पहली गेंद फुलटॉस गेंद फेंकी थी।

धोनी ने फाइन लेग के ऊपर से यह गेंद स्टेडियम के बाहर मारी। इस छक्के की लंबाई 110 मीटर था। इसी के साथ धोनी ने दिनेश कार्तिक को पीछे छोड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इसी मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 108 मीटर लंबा छक्का लगाया था।

**आईपीएल 2024 के सबसे लंबे छक्के**

एमएस धोनी - 110 मीटर
दिनेश कार्तिक - 108 मीटर
शिम्रोन हेटमायर - 106 मीटर
हेनरिक क्लासेन - 106 मीटर
निकोलस पूरन - 106 मीटर
वेंकटेश अय्यर - 106 मीटर
जॉनी बेयरस्टो - 105 मीटर



## चंडीगढ़ के दो शूटर्स को मिला पेरिस ओलंपिक का टिकट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** शहर से जुड़े दो शूटर्स ने शनिवार को पेरिस ओलिंपिक का टिकट हासिल किया। डीएवी -10 में पढ़ने वाले सरबजोत सिंह और पूर्व छात्र अर्जुन बबूता ने ओलिंपिक जाने वाली भारतीय निशानेबाजी टीम में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। पुरुषों की एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह ने 584 का स्कोर कर ओलिंपिक चयन ट्रायल (टी4) क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया।

अर्जुन सिंह चीमा 583 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वरुण तोमर (577) तीसरे, रविंदर सिंह (576) चौथे और नवीन (574) पांचवें स्थान पर रहे। वहीं पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में, नतीजों का स्टैंडिंग पर कोई असर नहीं पड़ा। संदीप सिंह (628.3 के साथ चौथे) और अर्जुन बबूता (624.7 के साथ पांचवें) ने कुल स्कोर में अपने शीर्ष दो स्थान बनाए रखे। ऐसे में यह सुनिश्चित है कि यह दोनों खिलाड़ी पेरिस ओलिंपिक की 10 मीटर प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पेरिस ओलंपिक गेम्स के लिए भिंड की पूजा ओझा का चयन

**कायकिंग कैनोइंग में लेंगी हिस्सा**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के भिंड की रहने वाली पूजा ओझा का चयन पेरिस पैरालंपिक खेल के लिए हुआ है. पूजा कायकिंग कैनोइंग में हिस्सा लेगी. देशभर से चयनित चार खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश से तीन महिला पैरा खिलाड़ियों में भिंड की रहने वाली पूजा ओझा, ग्वालियर से प्राची यादव, रजनी झा शामिल हैं. बता दें कि पेरिस पैरालंपिक खेल का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त, 2024 तक किया जा रहा है. दरअसल, पैरा खेलों में बेटियों को पहचान दिलाने के लिए जिले में साल 2017 में स्थानीय गौरी सरोवर स्थित वोट क्लब पर पहला केनो, कयाक सेंटर स्थापित किया गया. इसी क्लब में प्रशिक्षण लेकर पूजा ओझा प्रदेश की पहली अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बनी है. खेल प्रशिक्षक राधे गोपाल यादव ने कहा कि यहां विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है. आज देश के चार खिलाड़ियों में से तीन महिला और एक पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं. इन खिलाड़ियों में भिंड से पूजा ओझा, ग्वालियर से प्राची यादव और रजनी झा शामिल हैं. वहीं आगरा





के यश तोमर का भी ओलंपिक खेल में चयन हुआ है. गौरतलब है कि ये सभी खिलाड़ी भिण्ड के वोट क्लब में ही प्रशिक्षण लिया है.

**30 खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बना चुके पहचान**


राधे गोपाल यादव ने कहा कि भिण्ड के लिए ये गौरव का विषय है कि यहां से प्रारंभ हुआ यह खेल इन सबके लिए वरदान साबित हुआ. उन्होंने बताया इस क्लब के निर्माण के बाद से लगभग 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं. आगे आने वाले समय में पूजा ओझा से प्रेरणा लेकर भिंड में और प्रतिभाएं निकल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरेंगी.

**बेटियों की हत्याओं के लिए था बदनाम**

दरअशल, भिंड की तस्वीरें अब लगातार बदल रही है. समय के साथ ही भिंडवासियों की सोच भी बदली. कभी ये जिला नवजात बेटियों की हत्याओं के लिए बदनाम रहा, लेकिन अब लड़कों की तरह हर क्षेत्रों में आगे आ रही है. साथ ही यहां की बेटियां कई स्तर पर अपने जिले का नाम रोशन कर रही है.

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा में किसान को खेत में मिला अंतरिक्ष यान का जला हुआ टुकड़ा, विशेषज्ञों ने दी चेतावनी



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के सस्केचेवान में एक किसान के खेत में दुर्घटनाग्रस्त स्पेसएक्स का 88द्यद्ब अंतरिक्ष यान का टुकड़ा मिला है। बैरी सॉचुक को अपने बेटे के साथ खेतों की जाँच करते समय अंतरिक्ष यान के हिस्से धातु का जला हुआ टुकड़ा मिला तो वो हैरान रह गया। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अंतरिक्ष में इस तरह की गिरावट गंभीर परिणाम दे सकती है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अंतरिक्ष यान के इस तहर टुकड़े गिरने से गंभीर चोट लग सकती है या मौत हो सकती है। उन्होंने कहा कि अगर वह न्यूयॉर्क शहर के मध्य में गिरा होता, तो यह बहुत आसानी से किसी की जान ले सकता था।

### यूएई के साझेदारों से मिले अंतर- मंत्रालयी अधिकारी

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय दूतावास ने कहा, भारत-मध्य पूर्व- यूरोप आर्थिक गलियारा दक्षता पैदा करने और लागत कम करने के लिए प्रभावी वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। यूएई में भारत के अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधिमंडल ने राजदूत संजय सुधीर के नेतृत्व में डीपी वर्ल्ड यूएई, एडी पोर्ट्स ग्रुप और यूएई के फेडरल कस्टम अथॉरिटी जैसी प्रमुख संस्थाओं के साथ चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में जहाजरानी, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड और दीनदयाल उपाध्याय बंदरगाह, कांडला के अधिकारी शामिल थे।

### नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने अदाणी पोर्ट को काली सूची में डाला

**ओस्लो , एजेंसी।** यूरोपीय देश नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने भारत के अदाणी पोर्ट्स समेत तीन कंपनियों को सरकारी पेंशन फंड से ब्लैक लिस्ट कर दिया है। नैतिकता संबंधी चिताओं की वजह से यह फैसला किया गया है। नॉर्वे के केंद्रीय बैंक नोर्जिस बैंक ने कहा कि वह कंपनी को अपने पेंशन फंड की लिस्ट से बाहर निकल रही है, क्योंकि किसी युद्ध या विवाद की स्थिति में कंपनी इंडिविजुअल राइट्स के गंभीर उल्लंघन के मामलों में लिप्त है। नोर्जिस बैंक ने अन्य दो कंपनियों में अमेरिका की एल3 हैरिस टेक्नोलॉजी और चीन की वाईचाई पावर जैसी कंपनियों को भी काली सूची में डाला है।

### श्रीलंका- सरयू जल की रथ यात्रा सीता अम्मन मंदिर को हुई रवाना

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने देश के सांसदों के साथ मयूरपति श्री बद्रकाली अम्मन कोविल से पवित्र सरयू जल की रथयात्रा शुरू की। आध्यात्मिक महत्व से जुड़े इस औपचारिक कार्यक्रम में भारत के अयोध्या में सरयू नदी का पवित्र जल, सीता एलिया स्थित सीता अम्मन मंदिर के लिए यात्रा का शुभ प्रतीक बताया गया। झा न कोलंबो से सरयू जल की रथयात्रा को हरी झंडी दिखाई। भारतीय उच्चायुक्त ने कहा, प्राचीन परंपराओं और दैवीय श्रद्धा से गूंजता यह कार्यक्रम भारत-श्रीलंका के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है। संतोष झा ने कहा, इस पवित्र जल का उपयोग सीता एलिया में सीता अम्मन मंदिर के कुंभाभिषेक के लिए किया जाएगा। सरयू जल हिंदू पौराणिक कथाओं में पवित्रता के लिए पूजनीय है और धार्मिक अनुष्ठानों में काफी महत्व रखता है।

### अफगानिस्तान में विस्फोट में दो बच्चों की मौत

**काबुल, एजेंसी।** उत्तरी अफगानिस्तान के बल्ख प्रांत में एक विस्फोट में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। प्रांतीय पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना प्रांत के बल्ख जिले में शुक्रवार को दोपहर में हुई। बच्चों को एक उपकरण मिला था और वे उसके साथ खेल रहे थे, तभी धमाका हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले युद्धों से बचा हुआ यह उपकरण फट गया, जिसमें दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। युद्ध से तबाह अफगानिस्तान कथित तौर पर दुनिया में सबसे अधिक बारूदी सुरंगों से प्रभावित देशों में से एक है। यहां पर हर महीने दर्जनों लोग मारे जाते हैं और अपंग हो जाते हैं। मरने वालों में ज्यादातर बच्चे होते हैं।

### पाकिस्तान में ब्रेक फेल होने से वाहन खाई में गिरा, 14 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में मध्य पंजाब प्रांत के खुशाब जिले में शनिवार को एक मिनी लॉरी (ट्रक) खाई में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। बचाव सेवा ने शनिवार को बताया कि वाहन के ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना उस समय घटी जब लोग काम के लिए पड़ोसी जिले में जा रहे थे। स्थानीय बचाव सेवा के प्रवक्ता उस्मान हैदर ने कहा, दुर्घटना में पांच बच्चों और दो महिलाओं समेत 14 लोगों की मौत हो गई। आठ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिस कारण मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने आगे बताया कि वाहन की रफ्तार तेज थी। ब्रेक फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई। वाहन में कुल 26 लोग सवार थे। पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, हर वर्ष करीब 9 हजार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें पांच हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

# कायरता छोड़कर राजधर्म निभाओ; नेतन्याहू को अल्टीमेटम, राफा पर हमले के बीच इजरायल में ही गहराया संकट





**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच भीषण युद्ध का नया मैदान दक्षिण गाजा का शहर राफा है। राफा पर तेज होती जंग के बीच इजरायल में भी उथल-पुथल मच गई है। साथी मंत्रियों ने नेतन्याहू को अल्टीमेटम जारी करते हुए सरकार से अपना समर्थन वापस लेने की धमकी दी। वॉर कैबिनेट मंत्री ने नेतन्याहू को दो टूक शब्दों में कहा कि अगर वे 8 जून तक गाजा पर अपना प्लान तैयार नहीं करते तो सरकार चलाना भूल जाइए। आरोप लगाया कि एक तरफ हमारे सैनिक बहादुरी से लड़ रहे हैं दूसरी तरफ हमारे कुछ राजनेता कायरता दिखाते हुए सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हैं। हमास के खिलाफ जंग के बीच इजरायल में ही नए संकट से नेतन्याहू को बैचेन कर दिया है। पहले ही वे राफा में जंग शुरू किए जाने से अमेरिका समेत अपने मित्र देशों की आलोचना का सामना कर रहे हैं। इजरायल में युद्ध कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज़ ने शनिवार रात प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को एक अल्टीमेटम जारी किया। जिसमें उन्होंने प्रधान मंत्री नेतन्याहू को संदेश में कहा है कि गाजा पर शासन कौन और किस तरह करेगा? इस पर पीएम को जल्द ही फैसला लेना चाहिए। उन्होंने अल्टीमेटम में कहा कि अगर नेतन्याहू इस पर फैसला 8 जून तक नहीं ले लेते तो वे सरकार से अपना समर्थन वापस ले लेंगे। गैंट्ज के इस बयान के बाद नेतन्याहू पर सरकार बचाने का संकट गहरा गया है।

**नाराजगी क्या है:** टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, बेनी गैंट्ज का कहना है कि नेतन्याहू ने हमास के खात्मे के लिए गाजा और अब राफा में जंग शुरू तो कर दी है लेकिन, युद्ध के बाद हमास को बढ़ने से पूरी तरह से रोकने का प्लान तैयार नहीं किया है। बेनी की मांग है कि गाजा पर जीत के बाद वहां शासन किस तरह से होगा, कौन राज करेगा, इस पर अभी भी इजरायली हुकूमत ने अपनी स्थिति साफ नहीं की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 8 जून तक इस पर फैसला नहीं लिया जाता तो वे गठबंधन से अपने कदम पीछे हटा लेंगे।

गैंट्ज़ ने कहा कि उनका मानना है कि हमास के 7 अक्टूबर के नरसंहार से शुरू हुआ युद्ध हाल के कुछ महीनों में इज़रायल के कुछ नेताओं की कायरता के कारण भटक रहा है। गैंट्ज़ ने कहा, एक तरफ इजरायली सैनिक हमास के खिलाफ मोर्चे में अविश्वसनीय बहादुरी दिखा रहे हैं, जबकि वे लोग जिन्होंने उन्हें युद्ध में भेजा, वे कायरता दिखा रहे हैं और अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं।

**बंधक झेल रहे यातनाएं, यहां नेता कर रहे बकवास बाजी :** उन्होंने कहा, गाजा की अंधेरी सुरंगों में जहां बंधक नरक की यातनाएं झेल रहे हैं, वहीं हमारे यहां कुछ नेता ऐसे भी हैं जो बकवास में लगे हुए हैं। इजरायल में कुछ राजनेता सिर्फ अपने बारे में सोच रहे हैं। इस बात का अफसोस है कि इजरायली सुरक्षा की कसम हम भूल रहे हैं।

**मांग क्या हैं :** बेन ने अपनी मांगों को फिर दोहराया। कहा- बंधकों को घर ले आओ, हमास के शासन को उखाड़ फेंको, गाजा पट्टी पर इजरायली सुरक्षा नियंत्रण हासिल करो।गाजा के लिए अमेरिकी, यूरोपीय, अरब और फिलिस्तीनी तत्वों को शामिल करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय नागरिक शासन तंत्र बनाया जाए, जो भविष्य के विकल्प के लिए रास्ता निकाले।

### खैबर पख्तूनख्वा में फिर एक बार लड़कियों के स्कूलों में बमबारी, इमारत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में 2021 से ही लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। इस दौरान लड़कियों के स्कूलों को निशाना बनाया जा रहा है। एक बार फिर दक्षिण वजीरिस्तान की वाना तहसील में एक लड़कियों के स्कूल को आतंकवादियों ने निशाना बनाया। लड़कियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से वाना वेलफेयर एसोसिएशन के समर्थन से स्थापित सोफिया नूर स्कूल की स्थापना के कुछ ही दिन बाद यहां बमबारी से हमला किया गया। हालांकि, इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी गई है। हमला दक्षिणी जिलों के स्कूलों में किए गए हमले के ठीक आठ दिन बाद किया गया है। शेवा शहर में नौ मई को इस्लामिया गर्ल्स स्कूल में भी बमबारी की गई थी, लेकिन इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। स्कूल पर बमबारी की घटनाओं ने प्रांत के निवासियों में डर पैदा कर दिया है। बता दें कि यह हमला दक्षिणी जिलों के स्कूलों में किए गए हमले के ठीक आठ दिन बाद किया गया है। शेवा शहर में नौ मई को इस्लामिया गर्ल्स स्कूल में भी बमबारी की गई थी, लेकिन इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। स्कूल पर बमबारी की घटनाओं ने प्रांत के निवासियों में डर पैदा कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों में यहां शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाया गय है। इस घटना को लेकर जारी रिपोर्ट के अनुसार, सोफिया नूर स्कूल के कुछ हिस्सों में निर्माण का काम चल रहा था।

### 180 छात्रों को लेकर लाहौर पहुंचा विशेष विमान, पाकिस्तानी दूतावास की सलाह- घर के अंदर रहें



**लाहौर, एजेंसी।** किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हिंसा भड़की हुई है। विदेशी छात्रों पर हमले किए जा रहे हैं। हिंसा के बीच 180 पाकिस्तानी छात्र लाहौर पहुंच चुके हैं। छात्रों को लेकर एक विशेष विमान शनिवार को अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। जहां पर आंतरिक मंत्री ने छात्रों का स्वागत किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, किर्गिज पुलिस ने कहा कि उन्होंने हिंसा रोकने के लिए मध्य एशियाई देश की राजधानी में सेना जुटाई थी, लेकिन सैकड़ों किर्गिज लोगों ने पाकिस्तानियों सहित विदेशी छात्रों के आवास वाली इमारतों पर हमला कर दिया था। पाकिस्तानी दूतावास के अनुसार, किर्गिज राजधानी में 13 मई को मिस्र के लोगों के साथ विवाद के बाद वहां के स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानियों सहित विदेशी छात्रों पर हमला कर दिया था। रिपोर्ट में किर्गिज स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि हिंसा में 29 लोग घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि 14 विदेशियों को इलाज के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई।

**राजदूत जैगम ने पाकिस्तानी छात्रों को दी सलाह :** सरकारी पाकिस्तान टेलीविजन (पीटीवी) ने कहा कि बिश्केक से 180 पाकिस्तानी छात्रों को लेकर विशेष उड़ान पाकिस्तान पहुंच चुकी है। पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने हिंसा के बीच से सुरक्षित पहला बैच लहौर पहुंचने पर स्वागत किया। वहीं, किर्गिस्तान में पाकिस्तानी दूतावास ने बिश्केक में पाकिस्तानी छात्रों को घर के अंदर रहने की सलाह देते हुए एक निर्देश जारी किया है। किर्गिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत हसन जैगम ने एक्स पर अपने छात्रों के लिए एक सलाह साझा की। उन्होंने कहा, हम अपने छात्र समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहे हैं।

### ताइवान के इर्द-गिर्द नजर आए चीन के सैन्य विमान और जहाज, अलर्ट जारी

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान के पास मिले चीन के सात सैन्य विमान और जहाज मिले हैं। अलर्ट जारी करते हुए उन्होंने ताइवान रक्षा मंत्रालय ने उसका जवाब दिया। चीन और ताइवान के बीच काफी लंबे समय से तनाव चल रहा है। चीन ताइवान पर अपने अपने संप्रभुता का दावा करता है। बता दें कि ताइवान ने अक्सर चीन की सैन्य गतिविधियों और बलपूर्वक ताइवान को मुख्य भूमि के साथ फिर से जोड़ने की उसकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में चिंता जता चुका है। एमएनडी ने पिछले कुछ वर्षों से चीनी सैन्य गतिविधियों पर दैनिक रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार उन चीनी विमानों, ड्रोन और गुब्बारों की पहचान की है जो ताइवान जलडमरूमध्य मध्य रेखा को पार करके ताइवान की ओर आते पाए गए हैं। इसी बीच रविवार सुबह ताइवान रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने सात सैन्य विमान और सात पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) जहाजों का पता लगाया। एमएनडी ने कहा कि ताइवान के सशस्त्र बलों ने निगरानी की और तुरंत इसका जवाब दिया। ताइवान रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आज सुबह 6 बजे ताइवान के आसपास सक्रिय 7 पीएनए विमान और 7 पीएनएएन जहाजों का पता लगाया गया था।

# सिंगापुर में फिर आई कोरोना की नई लहर, 25 हजार से ज्यादा मामले; मास्क पहनने की सलाह



**सिंगापुर, एजेंसी।** दुनियाभर में तबाही मचाने वाले कोरोना वायरस ने एक बार फिर से वापसी की है। हम बात कर रहे हैं दक्षिण पूर्व एशियाई देश सिंगापुर की, जहां अचानक कोरोना के मामलों में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। अधिकारियों ने बताया है कि सिंगापुर में एक नई कोविड-19 लहर देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि 5 से 11 मई तक 25,900 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इस बीच सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने शनिवार को फिर से मास्क पहनने की सलाह दी। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने मंत्री ओंग ये के हवाले से कहा, कोरोनावायरस की लहर आ रही है। अभी इसकी शुरुआत ही हुई है। कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि लहर अगले दो से चार हफ्तों में चरम पर होगी। जिसका मतलब है कि जून के मध्य और अंत तक कोरोना अपनी पीक पर होगा। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) ने कहा है कि 5 से 11 मई के सप्ताह में कोविड मामलों की अनुमानित संख्या पिछले सप्ताह के 13,700 मामलों की तुलना में बढ़कर 25,900 हो गई है। वहीं औसत दैनिक कोविड19 अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या एक सप्ताह पहले के 181 के मुकाबले बढ़ कर लगभग 250 हो गई है। जबकि पिछले सप्ताह के दो मामलों की तुलना में औसत आईसीयू मामले कम रहे। मंत्रालय ने कहा कि अस्पताल की बिस्तर क्षमता को बढ़ाने के लिए उन मरीजों को घर भेजने का आग्रह किया गया है जिनका घर पर इलाज संभव है। रोगियों को अस्पताल के वार्ड के बजाय अपने ही घर में अस्पताल में भर्ती होने का विकल्प दिया जा रहा है। मंत्री ने उन लोगों से आग्रह किया है जिन्हें गंभीर बीमारी का सबसे अधिक खतरा है, जिनमें 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति, चिकित्सकीय रूप से कमजोर व्यक्ति और वृद्ध देखभाल सुविधाओं के निवासी शामिल हैं। सिंगापुर ने बुजुर्गों को कोरोना वैक्सीन की एक और खुराक लगवाने का भी आग्रह किया है। ओंग ने कहा कि अगर कोविड-19 मामलों की संख्या एक बार दोगुनी हो जाती है, तो सिंगापुर के अस्पतालों में ऐसे 500 मरीज होंगे जिन्हें संभाला जा सकता है। हालांकि, अगर मामलों की संख्या दूसरी बार दोगुनी हो जाती है, तो 1,000 मरीज होंगे, और यह अस्पताल प्रणाली पर काफी बोझ होगा। ओंग ने कहा, एक हजार बिस्तर एक क्षेत्रीय अस्पताल के बराबर है। तो, मुझे लगता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को आने वाले समय के लिए खुद को तैयार करना होगा।

# राष्ट्रपति ने विवादास्पद विदेशी एजेंट विधेयक पर किया वीटो, हाल में हुए थे बड़े पैमाने पर प्रदर्शन



**त्बिलिसी , एजेंसी।** देश में भारी विरोध प्रदर्शनों के बीच जॉर्जिया की राष्ट्रपति ने एक विवादित विधेयक पर वीटो किया। इसके मुताबिक अगर मीडिया और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को विदेश से 20 फीसदी से ज्यादा पैसा मिलता है, तो उन्हें विदेशी शक्ति वित्त पोषण प्राप्त करने के लिए पंजीकृत होने की आवश्यकता होगी।

जॉर्जिया की राष्ट्रपति सैलोम जौराबिचविली ने शनिवार को मीडिया को निशाना बनाने वाले एक विवादित विधेयक पर वीटो कर दिया। इस विधेयक के खिलाफ बीते हफ्तों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। इसके मुताबिक, अगर मीडिया और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को विदेश से 20 फीसदी से ज्यादा पैसा मिलता है, तो उन्हें विदेशी शक्ति वित्त पोषण प्राप्त करने के लिए पंजीकृत होने की आवश्यकता होगी। राष्ट्रपति ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि वह इस कानून को अस्वीकार्य मानती हैं।

अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति जौराबिचविली ने विवादास्पद विदेशी एजेंट विधेयक से पैदा हुए तनाव को कम करने के मकसद से शनिवार को कानून को वीटो किया। इस कानून की व्यापक आलोचना हुई थी और इसके खिलाफ अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिले थे। इन प्रदर्शनों ने जॉर्जिया की लोकतांत्रिक साख और यूरोपीय संघ की आकांक्षाओं को लेकर सवाल खड़े कर दिए थे। उन्होंने इसे रूसी कानून करार दिया।

हालांकि, राष्ट्रपति जौराबिचलविली का वीटो केवल इस प्रस्तावित कानून में देरी करने का काम कर सकता है, क्योंकि संसद एक अतिरिक्त वोट के साथ इसे रद्द करने की शक्ति रखती है। सत्तारूढ़ जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी की ओर से प्रस्तावित और इस हफ्ते के शुरू में संसद द्वारा पारित कानून में गैर सरकारी संगठनों और मीडिया आउटलेट्स को विदेश से अपने वित्त पोषण का 20 फीसदी से अधिक धन प्राप्त करने के लिए पंजीकृत होने की आवश्यकता होगी।

वीटो करने के बाद जौराबिचविली ने कहा, आज, मैंने रूसी कानून को वीटो कर दिया। यह कानून अपने सार और भावना में मौलिक रूप से रूसी है, जो हमारे संविधान और सभी यूरोपीय मानकों का उल्लंघन करता है। इस प्रकार यह हमारे यूरोपीय मार्ग के लिए एक बाधा पैदा करता है। इस कानून को निरस्त किया जाना चाहिए।

# ताइवान की संसद में अराजकता और हाथापाई, फाइलें छीनीं; पांच सांसदों को अस्पताल में कराना पड़ा भर्ती

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान की संसद में उस वक्त अराजकता पैदा हो गई जब सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों में विवादास्पद विधेयकों पर तनाव चरम पर आ गया। दोनों पक्षों में हुई तीखी झड़प के बीच संसद में हाथापाई हुई, सांसदों ने एक-दूसरे पर मुक्केबाजी की और पोडियम पर कूदकर कार्रवाई बाधित करते हुए कुछ सांसद फाइलें छीन सदन के बाहर ले गए।

झड़पों के दौरान लगी चोटों के कारण पांच सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इनमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) और कुओमिनतांग (केएमटी) दोनों पार्टियों के प्रमुख लोग शामिल थे। पूरे सत्र के दौरान क्रॉस- कॉकस वार्ताएं लड़खड़ाने से गतिरोध और भी बढ़ गया। डीपीपी सांसदों की विपक्षी केएमटी और टीपीपी पार्टी के सांसदों से झड़प कई घंटे चली। यह घटना ऐसे वक्त में हुई है जब देश के नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते को सोमवार 20 मई को शपथ लेना था। ताइवान की संसद में एक प्रस्ताव पेश किया गया। जिसके मुताबिक सरकार के कामकाज पर नजर रखने वाले विपक्षी सांसदों के पास ज्यादा ताकत होगी। इसके अलावा, संसद में झूठा बयान देने पर सरकारी अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसी विधेयक पर मतदान से पहले सत्ताधारी और विपक्षी पार्टी के सांसदों के बीच झड़प हुई।

विपक्षी पार्टी केएमटी बहुमत होने की वजह से संसद में अपने सदस्यों को ज्यादा शक्ति दिलवाना चाहती है। वहीं, लाई की पार्टी डीपीपी का आरोप है कि विपक्षी सदस्य संसद में जबरन इस विधेयक को पारित करवाने की कोशिश कर रहे हैं, जो संविधान का उल्लंघन है। संसद में खोया बहुमत नई सरकार का गठन पहले से ही विवाद में है, क्योंकि लाई की डीपीपी ने जनवरी में चुनाव जीतने के बावजूद संसद में अपना बहुमत खो दिया है। विपक्षी केएमटी के पास डीपीपी से अधिक सीटें हैं, लेकिन यह बहुमत के लिए पर्याप्त नहीं हैं। डीपीपी पर बड़ा आरोप केएमटी पार्टी की सदस्य जेसिका चेन ने डीपीपी पर एक पार्टी के रूप में निरंकुश शक्तियां चाहने का आरोप लगाया। उन्होंने सत्ताधारी दल पर कई अन्य आरोप भी लगाए।

# नीदरलैंड में 29 साल की महिला को इच्छा मृत्यु की मिली मंजूरी, 3 साल से कर रही थी कोशिश

**एम्सटर्डम , एजेंसी।** नीदरलैंड में एक 29 साल की महिला को इच्छा मृत्यु की अनुमति मिल गई है। महिला का नाम जोराया टेर बीक है, जो नीदरलैंड में जर्मनी के बॉर्डर के पास रहती हैं। इच्छा मृत्यु के लिए उसने साढ़े तीन साल तक नीदरलैंड के प्रशासन को मनाने की कोशिश की। द गार्जियन के मुताबिक उसे इसी महीने इच्छा मृत्यु दी सकती है। कई सालों से ऑटिज्म और असहनीय मानसिक परेशानियों से जूझ रही जोराया कई बार खुद को मारने और चोट पहुंचाने की कोशिश कर चुकी थी। जोरायो को लगा कि उनकी समस्या का अब कोई हल नहीं है। इसके चलते उन्होंने इच्छा मृत्यु की मांग की थी। हालांकि, जोराया शारीरिक रूप से बिल्कुल फिट है। ऐसे में उनकी इच्छा मृत्यु को मिली मंजूरी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि मानसिक बीमारियों से जूझ रहे लोग तेजी से इच्छा मृत्यु को अपना रहे हैं।

द गार्जियन के अनुसार जोराया ने बताया कि उसकी परेशानियां बचपन में ही शुरू हो गई थीं। उनको क्रॉनिक डिप्रेशन, एंग्जायटी, ट्रॉमा और पर्सनैलिटी डिसऑर्डर जैसी समस्याएं होने लगी। इसके अलावा उन्हें ऑटिज्म की भी समस्या थी। इसमें वह खुद को ही चोट पहुंचाने लगी। कुछ साल बाद जब जोराया को एक पार्टनर मिला तो उन्हें लगा था कि सब ठीक हो जाएगा। उनकी मानसिक समस्याएं अब दूर हो जाएंगी, मगर कोई हल नहीं निकला। जोराया ने खुद को नुकसान पहुंचाना जारी रखा। जोराया ने अपनी बीमारियों से लड़ने के लिए



इलेक्ट्रोकन्वलसिव थेरेपी की 30 से ज्यादा थेरेपी ली। इसमें रोगी को बिजली के झटके दिए जाते हैं। मगर उसकी सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ। जोराया ने कहा कि 10 सालों तक कई तरीकों से अपना इलाज कराने के बाद आखिरकार निराश होकर उसने स्वस्थ जीवन जीने की उम्मीद छोड़ दी। इसके बाद उसने इच्छा मृत्यु के लिए आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि इच्छा मृत्यु पाना इतना भी आसान नहीं है। ऐसा नहीं है कि आप शुक्रवार को मरने की सोचें और रविवार को आपको मौत मिल जाए। यह लंबी प्रोसेस होती है जिसमें आप कई डॉक्टरों से मिलते हैं। जो तय करते हैं कि आपकी इच्छा मृत्यु की मांग उचित है या नहीं। हर स्टेज पर डॉक्टर आपसे ये पूछते हैं कि क्या आप जान देने को तैयार हैं? हर और बार उसे इसके लिए हामी भरनी पड़ती। बता दें कि नीदरलैंड वह पहला देश है जिसने इच्छा मृत्यु को कानूनी अनुमति दी है। साल 2001 में वहां इच्छा मृत्यु को वैधता मिली। नीदरलैंड में आमतौर पर इच्छा मृत्यु की मंजूरी मिलने के बाद डॉक्टर्स लास्ट टाइम प्रोसीजर संबधित व्यक्ति के घर पर ही करते हैं। इस दौरान पेशेंट को एक खास तरह का इंजेक्शन दिया जाता है और कुछ ही मिनट में उसकी मौत हो जाती है। खास बात यह है कि मौत के बाद भी इस मामले की जांच होती है। अगर डॉक्टर्स की जरा भी लापरवाही सामने आती है तो उन्हें 12 साल की कैद हो सकती है। 2022 के दौरान नीदरलैंड में कुल 8501 लोगों ने इस कानूनी तरीके से प्राण त्यागे थे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, सोमवार 20 मई 2024




रीवा में नव व्याहता की मौत के बाद अस्पताल में चले जूते-चप्पल, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप। चित्र उसी अवसर का।



# संतुलित उर्वरकों के उपयोग से बढ़ती है पैदावार

रीवा

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा समय-समय पर किये गये प्रयोगों से यह बात साबित हो चुकी है कि खेतों से अधिकत्तम उत्पादन प्राप्त करने के लिये उर्वरकों के संतुलित व समन्वित उपयोग की जरूरत होती है न कि उर्वरकों के अधिक इस्तेमाल की। एक ही तरह के उर्वरकों का उपयोग करने से फसलों को उचित पोषक तत्व नहीं मिल पाते, जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति क्षीण हो जाती है। इसलिये कृषकों को मिट्टी की प्रकृति को ध्यान में रखकर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिये । ऐसा करके किसान उर्वरकों की खपत काफी कम कर सकते हैं और अपना आर्थिक बोझ भी कम कर सकते हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार फसलों में उर्वरकों के उपयोग से पहले यह जानना जरूरी है कि मिट्टी की प्रकृति कैसी है अर्थात मिट्टी भारी है या हल्के किस्म की। ऐसा इसलिये आवश्यक है क्योंकि जब भूमि में उर्वरकों का उपयोग किया जाता है तब उसका बहुत बड़ा भाग मिट्टी की निचली सतह में बहकर चला जाता है, जिसका फसल में कोई उपयोग नहीं हो पाता।

बालुई या हल्की मिट्टी में नत्रजनधारी उर्वरक जैसे सोडियम नाइट्रेट, कैल्शियम नाइट्रेट आदि का रिसाव चिकनी मिट्टी की अपेक्षा अधिक होता है। इसलिये हल्की मिट्टी में नत्रजनधारी उर्वरकों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिये, अन्यथा फसलों को जरूरत के मुताबिक उर्वरक प्राप्त नहीं होंगें और उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार उर्वरकों को हमेशा पौधों की जड़ों के आसपास देना चाहिये। जमीन के ऊपर उर्वरक बिखेरने से वह पौधों की जड़ों तक नहीं पहुंच पाते। नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों को एक बार में न देकर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में फसल की आवश्यकतानुसार दो या तीन बार में देना चाहिये। साथ ही उर्वरक देते समय भूमि में नमी होना भी आवश्यक है, क्योंकि पौधों की जड़ें घोल के रूप में पोषक तत्व ग्रहण करती हैं। खड़ी फसलों में उर्वरकों का प्रयोग पानी में घोलकर करना चाहिये। नत्रजन, स्फुर व पोटाश जैसे यूरिया, डीएपी व पोटेशियम सल्फेट को पानी में घोलकर खड़ी फसलों में दिया जा सकता है। जैविक खादों जैसे गोबर खाद, कम्पोस्ट अथवा हरी खाद के प्रयोग से भी रासायनिक उर्वरकों की खपत कम की जा सकती हे। कृषि विशेषज्ञ किसानों को यह भी सलाह देते हैं कि फसलों को जितने पानी की आवश्यकता हो उतनी ही सिंचाई करें अर्थात खेतों को अनावश्यक रूप से जलमग्न नहीं करना चाहिये। ऐसा करने से उर्वरक पानी के साथ रिसकर जमीन में नीचे बह जाते हैं। खड़ी फसल में उर्वरकों का प्रयोग तब करना चाहिये जब खेत पांव सहन करने लगें। साथ ही खरपतवारों को निकालकर उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिये अन्यथा वे भी उर्वरकों से पोषक तत्व ग्रहण कर लेते हैं और उत्पादन क्षमता घट जाती है। उर्वरकों का उपयोग मृदा के पीएच मान के आधार पर ही करना चाहिये, क्योंकि सभी उर्वरक हर प्रकार की जमीन में उपयुक्त नहीं होते।

## साँस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चिंतक पंडित लोला राम मिश्र का निधन

**रीवा।** साँस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चिंतक पंडित लोला राम मिश्रा का 98 वर्ष की उम्र में पिछले दिनों निधन हो गया। वह विंध्य क्षेत्र के सुप्रसिद्ध संस्कृत विद्वान स्मृति शेष पं. रामसागर शास्त्री के अनुज, प्रो रमाकान्त शर्मा तथा सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल मिश्रा के चाचा एवं रुप नारायण शास्त्री के पिता जी थे। उनके निधन पर साँस्कृतिक आध्यात्मिक एवं समाज सेवा से जुड़े प्रबुद्ध जनों डा. चंद्रिका प्रसाद चंद्र , वरिष्ठ पत्रकार उमाशंकर तिवारी, बच्चनधर द्विवेदी, नारायण त्रिपाठी गौरी, रामरक्षा शुक्ला, दिनकर राल्ही, बैकुंठ बहादुर सिंह ,रविंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, मनीष सिंह सरपंच घरभरा, रामलोचन मिश्रा, श्रीधर प्यासी, शिवकुमार शुक्ला हनुमान, केडी शुक्ला, पन्नालाल शुक्ला, जीवन लाल शुक्ला आदि ने दुख व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## पुलिस से हुज्जतबाजी पड़ी महंगी, टीआई को वर्दी उतारने की धमकी दी तो घसीटकर थाने ले गए पुलिसवाले, 2 मिनट में उतारी गर्मी



**रीवा।** वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक पुलिस से भिड़ गया। युवक ने बदसलूकी करते हुए टीआई को वर्दी उतरवाने की धमकी दे डाली, टीआई ने भी 2 मिनट में सारी हेकड़ी उतार दी। पुलिस युवक को पकड़कर थाने ले गई और वाहन का चालान भी काटा। युवक शराब के नशे में था। पुलिस से नोक-झोंक का यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार मामला रीवा शहर विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र का है। यहां के अजगरहा में पुलिस वाहनों की रूटीन चेकिंग कर रही थी। उसी समय नशे में धुत युवक ने पुलिस से पंगा ले लिया। युवक ने न केवल पुलिस से अभद्रता की, बल्कि नोक-झोंक करते हुए वर्दी उतरवाने की धमकी भी दे दी। मुहल्ले के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोग पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। यहां तक की टीआई की स्थानीय लोगों ने वर्दी उतरवा लेने की बात कह दी।

ऐसे में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और 2 मिनट में सबकी हेकड़ी उतार दी। पुलिस एक युवक को पकड़कर थाने ले गई, तब जाकर कहीं मामला शांत हुआ। पुलिस ने न केवल इस युवक का नशा उतारा बल्कि चालान भी काटा। बता दें कि शहर में अपराधियों की धरपकड़ के लिए जगह-जगह वाहन चेकिंग चल रही है। साथ ही नियम तोड़ने वालों पर पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। थाना प्रभारी अतुल त्रिपाठी ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान नशे में एक युवक पुलिस से अभद्रता कर रहा था। पुलिस ने उसे समझाइश दी और चालान भी काटा गया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

## कक्षा 6 से 9 तक प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग के तहत आदर्श आवासीय विद्यालय (सर्रा) चुरहट जिला सीधी में संचालित है। इसमें कक्षा छठवीं से नौवीं तक की कक्षाओं में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रवेश दिया जा रहा है। इसके लिए अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों के आवेदन पत्र 30 मई तक आमंत्रित किये गये हैं। इसी तरह कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए भी अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों से 31 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक आवेदन पत्र के लिये प्रवेश प्रभारी पी.के. दीक्षित (व्याख्याता) 9981530675 एवं 9827258441 (प्राचार्य) के दूरभाष पर संपर्क कर सकते है। विद्यार्थी का एमपीटास में प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है। विद्यालय में प्रवेश समिति द्वारा महत्वपूर्ण तिथियों व रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। सीबीएसई एवं एमपी बोर्ड द्वारा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी के मेरिट सूची के आधार में विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। एमपी बोर्ड में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र ही पात्र होंगे। प्रवेशित छात्रों को आवास, भोजन, पाठ्य पुस्तक, गणवेश आदि सभी सुविधाये प्रदान की जावेगी।

## रिश्वत न मिलने पर मिलिंग प्रभारी ने किया सेंपल फेल, नोटिस जारी

**रीवा।** नागरिक आपूर्ति निगम में धान मिलिंग फर्जीवाड़ा मामले में मिलिंग प्रभारी को नोटिस थमाया गया है। मिलिंग प्रभारी पर मिलरों का चावल फर्जी तरीके से फेल कराने का भी आरोप लगा है। इस मामले में सर्वेयर की नौकरी भी चली गई। जिला नागरिक आपूर्ति कार्यालय रीवा में मिलिंग का प्रभार प्रियांश पाठक को दिया गया है।

आवंटन व सीएमआर चावल कराने के साथ ही रैंक परिवहन धान जमा आदि की जिम्मेदारी मिलिंग प्रभारी प्रियांश प्राठक को ही दी गई है। शिकायत की गई थी मिलिंग प्रभारी द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है। इस पर नान जिला प्रभारी व अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी द्वारा मिलिंग प्रभारी प्रियांश पाठक को नोटिस जारी की गई थी।

अपर कलेक्टर के अवकाश पर जाने पर विपणन संघ प्रभारी शिखा वर्मा को यह प्रभार दे दिया गया। शिखा वर्मा के प्रभार होने के बावजूद प्रियांश पाठक द्वारा मनमानी नोट सीट चलाने के आरोप हैं। महावीर राइस मिल संचालक ने आरोप लगाया है कि उसके चावल को जान बूझकर फेल किया गया है। इसके लिए रिश्वत की मांग की गई थी। नहीं देने पर सेंपल फेल कर दिया गया।

प्रभारी नान जिला प्रबंधक द्वारा जेपी गोदाम के सर्वेयर अतुल दीक्षित के खिलाफ संबंधित आउट सोर्स कंपनी को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया था। जिस पर कंपनी सर्वेयर को सेवा से पृथक कार्रवाई के साथ ही उससे जवाब मांगा, जिस पर चौंकाने वाला तथ्य समाने आया है। जवाब में सर्वेयर अतुल दीक्षित ने बताया कि उसके द्वारा चावल फेल नहीं किया गया। बल्कि दवाब बनाकर मिलिंग प्रभारी प्रियांश पाठक ने उसकी आइडी व पासवर्ड लेकर मनमानी तरीके से फेल किया है। सर्वेयर के खुलासे के बाद नान में मिलिंग के नाम पर चल रहे बड़े खेल का खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है इसके पहले अपर कलेक्टर व नान प्रभारी के डिजिटल हस्ताक्षर का दुरपयोग किए जाने का भी मामला सामने आया था जिसमें उन्होंने नोटिस जारी किया था।इससे साबित होता है कि नान में चहेतों के लिए दूसरा नियम और अन्य के लिए दूसरा नियम है। जारी नोटिस में अपर कलेक्टर ने परवीक्षा अवधि बढ़ाने व निलंबन कार्रवाई की बात कही है।

## स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन की जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 20 मई को दोपहर बाद 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी देंगी। सभी उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## वृद्धजन स्वास्थ्य दिवस आज

### वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराने हेतु मनाया जाता है वृद्ध जन स्वास्थ्य दिवस

**रीवा।** वृद्ध हमारे समाज का महत्त्वपूर्ण आधार स्तंभ हैं। हमारे समाज में वृद्ध नागरिकों का विशेष स्थान है। यह किसी भी सफल समाज के दर्पण होतें है और इस आधुनिक समाज मे आज यह कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहें जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, मानसिक अवसाद, मोतियाबिन्द, बहरेपन, अकेलेपन आदि। वृद्धजन के बेहतर स्वास्थ्य संवर्धन हेतु जिले मे 20 मई को वृद्धजन स्वास्थ्य दिवस के रूप मे मनाया जाएगा जिसमें सभी 60 साल के मरीजों का स्वास्थ्य संस्थाओं में सामुदायिक स्वास्थ्य संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि जिले स्तर से विषय विशेषज्ञों को समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग हेतु भेजा जाएगा और चिन्हांकन कर मरीजों का उपचार प्रबंधन किया जाएगा तथा सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 60 साल से ऊपर के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

## टीएल बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल टीएल बैठक में आज 20 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में समय सीमा के पत्रों की समीक्षा करेंगी।

## डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**रीवा।** प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई, से एम पी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है।

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में डाटा साइंस के विषय पर सेमीनार का किया गया आयोजन

**रीवा।** नेशनल टेक्नोलॉजी दिवस 2024 के तत्वाधान में कंप्यूटर विज्ञान विभाग, अ प्र सिंह विश्वविद्यालय रीवा और एनटीआईएस कंपनी के सयुक्त सहयोग से पं. शंभूनाथ शुक्ल सभागार, अ प्र सिंह विश्वविद्यालय रीवा में आज सुबह 11 बजे से क्लाउड कम्प्यूटिंग एवं डाटा साइंस के विषय में एक सेमीनार का आयोजन किया गया।



इस सेमिनार में कुल 850 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था । इस सेमिनार में नोएडा से विषय विशेषज्ञ द्वारा विंध्य के छात्रों को क्लाउड टेक्नोलॉजी और डाटा साइंस के गुर सिखाए गये ।

सेमिनार में कुल तीन सेशन रखे गये थे जिसमें तकनीक के अलावा साक्षात्कार से भी समबन्धित जानकारी भी छात्रों को दी गई। यह सेमिनार अ प्र सिंह विश्वविद्यालय रीवा के माननीय कुलपति डॉ राजकुमार आचार्य जी के निर्देश एवं कुलसचिव डॉ सुरेन्द्र सिंह परिहार जी के सहयोग से कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ राकेश कुमार कटारे एवं एनटीआईएस के श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ,श्री रवि मिश्रा , श्री पुनीत तिवारी और श्री नरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा आयोजित किया गया। इस स्टार्टअप आईटी कंपनी द्वारा दिनांक 24/05/2024 को एक कैंपस प्लेसमेंट भी आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

## शासकीय आई.टी.आई. में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एक मई से प्रारंभ हो गई है। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन वेबसाइट पर कराकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में विस्तृत जानकारी आई.टी.आई. से प्राप्त की जा सकती है।

## जामा मस्जिद बोदाबाग रीवा में माइक से अजान पुनः शुरू होने पर मस्जिद जमातियों ने जताया प्रशासन का आभार

**रीवा।** जामा मस्जिद बोदाबाग रीवा में बीते कई दिनो से माइक से अजान बन्द कराने पर स्थानीय मस्जिद जमात के लोगो एवं मुहल्लेवासियों में मस्जिद के तथाकथित इन्तजामकार मो0 इस्तेयाक (रूई वाले) के प्रति आक्रोश व्याप्त था विदित है कि एक स्थानीय व्यक्ति के शिकायत पर थाना विश्वविद्यालय द्वारा मस्जिद इन्तेजामकर्ता को माइक के डेसिबल की जानकारी एवं अनुमति चाही गई पर इन्तजामकर्ता द्वारा नोटिस का जवाब देने के बजाये मस्जिद से माइक ही उतरवा दिया गया जिस कारण समाज के लोगो में आक्रोश पैदा हुआ, स्थानीय रहवासियों द्वारा शरीयत हिलाल तस्दीक कमेटी के पदाधिकारियों के सहयोग से संबंधित ज्ञापन एस.डी.एम. हुजूर को सौंपा गया। उक्त संवेदनशील मामले में संज्ञान लेते हुये एस.डी.एम. वैशाली जैन ने कहा कि उनके द्वारा ऐसा कोई आदेश नही दिया गया है। उन्होने तत्काल नगर पुलिस अधीक्षक से इस मामले पर बात की शरीयत हिलाल तस्दीक कमेटी के पदाधिकारियों ने भी घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक महोदय को दी, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्टाफ को मस्जिद में भेज कर माइक दोबारा लगाने की कवायद कर मामले का पटाक्षेप किया गया। शासन के मापदण्ड के अनुसार प्रशासन द्वारा उक्त मामले में संवेदनशीलता का परिचय देते हुये पुनः माइक से अजान शुरू कराये जाने पर बोदाबाग मोहल्ला वासियों में हर्ष व्याप्त है। प्रतिनिधि मण्डल में नस्सू भाई, मुअज्जिन हलीम खान, नूरूल हसन, चांद खान, परवेज खान, आदिल खान, नजीर खान, मोहम्मद रफी खान, फिरदौश हसन, साहिल खान, अयान, अदीब, कैफ, नजम भाई, वीआईपी टेलर, मोहम्मद फैजान, मोअज्जम खान, शहीद मंसूरी, मो0 तबरेज, जाहिद खान, अफरोज खान, मो0 रफीक कुरैशी, बबलू भाई, मो0 दानिश, कारी अमीरूज्जमा शामिल रहे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, एस.डी.एम. हुजूर वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक ऋतु उपाध्याय, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला तथा विश्वविद्यालय थाना प्रभारी अतुल त्रिपाठी के प्रति समस्त मोहल्ला वासियों ने आभार ज्ञापित किया है।

## संजय नगर से अरूण नगर रोड तक नवीन पाइप लाइन का इन्टरकनेक्शन कार्य 20 मई से प्रारंभ होगा

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत संजय नगर से अरूण नगर रोड तक नवीन पाइप लाइन का इन्टरकनेक्शन कार्य दिनांक 20 मई 2024 से प्रारंभ होगा, जिससे दिनांक 20 मई 2024 को शाम को तथा दिनांक 21 मई 2024 को सुबह एवं शाम दोनों समय पेयजल सप्लाई नहीं होगी, दिनांक 22 मई 2024 से पेयजल सप्लाई संभावित है। उपरोक्त अवधि में समान टंकी से पेयजल प्राप्त करने वाले क्षेत्र जिनमें संजय नगर, गुलाब नगर, समान बांध, शारदापुरम, समान तिराहा से पी.टी.एस. रोड, आजाद नगर, उर्रहट, वार्ड क्रमांक-12 के क्षेत्र, नेहरू नगर, अरूण नगर क्षेत्र के निवासियों को सूचित किया जाता है कि उक्त अवधि के लिए पेयजल संचित रखे। नगर निगम रीवा द्वारा टैंकरों से उक्त क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराया जावेगा।

## नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा वॉर्ड 4 खैरी बस्ती में स्वच्छता बैठक का आयोजन

**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा वॉर्ड 4 खैरी बस्ती में स्वच्छता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वॉर्ड के नागरिकों ने भाग लिया बैठक में आईईसी टीम ने स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और नागरिकों से अपने घर के आस पास साफ सफाई रखने का आग्रह किया। आईईसी टीम ने कचरा प्रबंधन, खुले में शौच मुक्त, फोर बिन सेग्रीगेसन, होम कपोस्टिंग के बारे में बात की एवं नागरिकों ने सक्रिय रूप से बैठक में भाग लिया और अपने विचार तथा सुझाव को साझा किया। उन्होंने कचरा प्रबंधन में




सुधार और अपने वॉर्ड को और अधिक स्वच्छ बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। आईईसी टीम ने स्वच्छता के बारे में जागरुक करने के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री और सूचनाएं प्रदान की आईईसी टीम द्वारा नागरिकों को फोर बिन सेग्रीगेसन और होम कम्पोस्टिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। नागरिकों को बताया गया की हमारे घरों से जो कचरा निकालता है उसको अलग अलग डस्टबिन में रखना चाहिए, इसके साथ ही जो हमारे घरों से गीला कचरा निकालता है उससे आसानी से घर पर ही खाद बनाया जा सकता है। जिसका उपयोग हम अपने घरों के गार्डेन आदि में कर सकतें है। स्वच्छता बैठक, स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने और नागरिकों को अपने वॉर्ड को स्वच्छ रखने और उनको प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। रीवा शहर का हर नागरिक अपने शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में हर कदम पर निगम का साथ देगें। स्वच्छता बैठक में वॉर्ड दरोगा, आईएसी टीम एवं वॉर्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833